# विजेता टीम को विज ने ट्रॉफी भेंट कर उत्साह बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि खेल में बहुत स्कोप हैं। हरियाणा का क्षेत्रफल 1.3 प्रतिशत है लेकिन मेडल का प्रतिशत 50 प्रतिशत हैं। हरियाणा की मिट्टी में खेल है तथा खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। खिलाडि?ों ने भी अपनी खेल प्रतिभा से देश व प्रदेश के नाम अनेकों मैडल जीतकर देश का गौरव भी बढाने का काम किया हैं। गृह मंत्री ने रविवार को अम्बाला फुटबाल संघ द्वारा वार हिरोज स्टेडियम अम्बाला छावनी में फुटबाल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने अपने सम्बोधन में कहीं। इस मौके पर उन्होनें अन्डर-14 व अन्डर-17 फुटबाल प्रतियोगिता की विजेता टीम मिक्की मॉडल स्कूल को ट्रफी भी भेंट की। इसके साथ-साथ उन्होनें रनअप





टीम व फुटबाल के पुराने खिलाडि?ों को भी सम्मानित किया। इस मौके पर अम्बाला फुटबाल संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर उनका भव्य अभिनन्दन भी किया। इस मौके पर गृह मंत्री ने अपने स्वैच्छिक कोष से 5 लाख रूपए की राशि अम्बाला फुटबाल संघ की गतिविधियों के विस्तार के लिए देने की घोषणा भी की। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि आज मेरा बचपन पुनः जीवित हो गया हैं। जब मैं स्कूल में पढ़ा करता था तो उस वक्त हमें मैच खेलने के लिए स्कूल की छुट्टी कर दी जाती हैं और हम इस मैदान में जहां धूल भरी आंधी चलती थी वहां पर मैच देखने के लिए आते थे और पूरा ग्राउंड दर्शकों से भरा होता था। उन्होंने कहा कि जिस तरह पहले अम्बाला में फुटबाल का दबदबा था और खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से सभी को चकित कर देते थे, वैसा ही नजारा आज देखने को मिला है। मिक्की मॉडल स्कूल की टीम जैसे ही विजयी घोषित हुई और जिस प्रकार उन्होंने जीत के बाद डांस किया है और इसे देख कर मैं काफी खुश हुआ हूं। उन्होंने कहा कि मेरी हमेशा से यहीं तम्मना रही है कि अम्बाला का फुटबाल आगे बढ़े, क्योंकि मुझे भी फुटबाल के साथ जुडने का मौका मिला हैं। पुराने समय में मुकेश त्रिखी व जोली द्वारा ऐरियन फुटबाल कल्ब बनाया गया था जिसके साथ मैं काफी समय से जुड़ा हूं। उस समय की फुटबाल के दौरान जो खिलाडि?ों का जज्बा था वैसा ही मुझे आज देखने को मिला हैं और मैं चाहता हूं कि जैसे अम्बाला छावनी का फुटबाल पहले था, घर-घर से खिलाड़ी खेलते थे और मां बाप भी अपने बच्चों को फुटबाल में भेजकर अपने आप पर फर्क महसूस करते थें। उन्होनें कहा कि अम्बाला का फुटबाल तो ऐसा है कि उसने फुटबाल के जाने माने मोहन बैगान को हराने का काम किया हैं। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने यह भी कहा कि ईश्वर ने मुझे ताकत दी है और अब खिलाड़ी चाहे वे किसी भी खेल से सम्बधिंत है उन्हें बेहतर से बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा हूं। यहां पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का फुटबाल स्टेडियम बनाया गया है लेकिन कुछ काम अभी बाकी हैं जिसे जल्द से जल्द पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यहां पर फुटबाल खेल स्टेडियम के साथ-साथ ऑल वैदर स्वीमिंग पूल जिसमें सर्दी व गरमी में सुबह व रात में कई प्रतियोगिताएं होती है और मुझे बताया गया है कि यहां पर कई ग्रूपों में खेलने के लिए खिलाड़ी यहां पर आते है। यहीं पर जिम्नास्टिक हॉल बनाया गया है जिसमें जिम्नास्टिक खेल से सम्बधिंत जो सामान वह इटली से मंगवाया गया हैं। सुभाष पार्क के नजदीक बेडमिंटन कोट व वहां पर योगशाला भी बनाई गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि योग भी अब एक गेम हैं। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज बच्चों को खेल के मैदान में भेजने की बहुत आवश्यकता है।

# शिविर में 101 लोगों ने किया रक्तदान



> 8 श्री सत जींदा कल्याणा सत्संग मंदिर में रेडक्रास के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** पानीपत की सनौली रोड स्थित पुरानी सब्जी मंडी के पास श्री सत जींदा कल्याणा सत्संग मंदिर में रेडक्रास के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 101 युवाओं एवं समाज सेवियों ने रक्तदान किया। इस मौके पर संस्था द्वारा 50 जरूरतमंद परिवारों को मुफ्त राशन भी बांटा गया। शिविर में जन कल्याण सेवा समिति, श्री सत जींदा कल्याणा चैरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी क्लब पानीपत प्रीमियर ने मुख्य रूप से सहयोग किया।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोटरी वेद प्रकाश कालटा व हरियाणा चैंबर ऑफ कामर्स के चेयरमैन एवं उद्योगपति विनोद धमीजा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। श्री सत जींदा कल्याणा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान जयदयाल तनेजा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रेडक्रास से डा. पूजा सिंघल, भूषण नागपाल, हरियाणा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ, पंकज सेठी, सुरेंद्र मलिक, शंभू लखीना, तिलक चचड़ा, नरेंद्र सेठी, रिंकू चुघ, महेंद्र खुराना, शिव कुमार आहुजा, अशोक बतरा, सोमनाथ आहूजा, मनोज बजाज, दर्शन रामदेव, बाल कृष्ण खुराना, कैलाश नारंग, अशोक नारंग व डॉ. रमेश चुघ आदि मौजूद रहे।

# 'संत करीब दास द्वारा दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** अंबाला के गाँव बलाना में श्री गुरु रविदास मंदिर कमेटी द्वारा संत कबीर दास जयंती के उपलक्ष्य में दूसरा विशाल कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के साथ साथ आस पास के कई गांवों से आए लोगों ने शीश नवाया और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सांसद कार्तिक शर्मा एवं अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुई और बलाना में बने मंदिर में जाकर माथा टेका। वहीं दूसरी तरफ गांव में पहुंचने पर सुखी बलाना ने अपने समर्थकों के साथ कार्तिक शर्मा व मेयर शक्तिरानी शर्मा को फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान कमेटी की डिमांड पर सांसद कार्तिक शर्मा ने अपने निजी कोष से धर्मशाला



निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर गांव बलाना में महान कीर्तन दरबार का भी आयोजन किया गया, जिसमें सांसद कार्तिक शर्मा व मेयर शक्तिरानी शर्मा ने ग्रंथसाहिब के सामने शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। संगतों को संबोधित करते हुए कार्तिक शर्मा ने कहा कि संत कबीरदास जी महाराज ने सालों पहले जिन दोहों को लिखा है वह आज भी दोहराए जाते हैं और समाज पर स्टिक बैठते हैं। उन्होंने कहा कि करीबदास जी महाराज ने समाज की कुरितियों को दूर के लिए लड़ाई लड़ी और समाज को आपसी भाई चारे का संदेश दिया। सांसद कार्तिक शर्मा ने कहा कि उनके द्वारा लिखे गए दोहे हमें केवल शिक्षा नहीं देते, बल्कि हमें जीने की कला सिखाते हैं। हमें बाते हैं कि हमारा समाज के प्रति क्या दायित्व है। कार्तिक शर्मा ने संत करीब जी महाराज के दोहे को दोहराते हुए कहा कि युवा वर्ग को समझना होगा और अपने दायित्व को निभाते हुए अपने माता पिता की सेवा करनी होगी। उन्होंने कहा कि करीब 600 साल पहले दोहे लिखे गए और वह आज के समय में इतने ही कामयाब है, जितने उस समय भी थे। इस अवसर पर कार्तिक शर्मा बलाना में श्री गुरु रविदास मंदिर कमेटी द्वारा संत कबीर दास जयंती में कमेटी की डिमांड पर धर्मशाला के निर्माण के लिए अपने सांसद कोष से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की और उम्मीद जताई कि अगली बार जब भी प्रोग्राम होगा तो वह धर्मशाला में होगा। वहीं इस दौरान कमेटी की ओर से कार्तिक शर्मा व अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# संदीप गर्ग ने स्वास्थ्य एवं आंखों का जांच कैम्प का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन(दलबीर मलिक)** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा गांव बीड सुजरा में 27वां निःशुल्क स्वास्थ्य एवं आंखों का जांच कैम्प लगाया गया। जिसमें भारी संख्या में मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी ओर से एक महीने में लगभग 2 या 3 स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाए जा रहे हैं जिससे कि स्वस्थ हल्का बने। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि लाडवा हल्के का कोई भी व्यक्ति बीमार ना हो और सभी का इलाज समय पर हो। उसी कड़ी में सोमवार को गांव बीड़ सुजरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैम्प व आंखों की जांच कैम्प लगाया गया। कैम्प में सिग्नस हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं आदेश हॉस्पिटल शाहबाद की टीम द्वारा 213 लोगों की आंखों की जांच की गई, 9 मरीजों की आंखों का ऑपरेशन निकला है।

# राजस्थान में जेजेपी ने बढ़ाई गतिविधियां

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़** जननायक जनता पार्टी ने हरियाणा के साथ-साथ राजस्थान राज्य में भी गतिविधियां तेज कर दी है। जेजेपी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला राजस्थान में पार्टी के जनसंपर्क अभियान को गति देंगे। दिग्विजय चौटाला राजस्थान जेजेपी के नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रतीक मेहरिया के साथ मंगलवार छह जून को जयपुर और सीकर में 30 से ज्यादा विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और स्थानीय लोगों से रूबरू होंगे। कार्यक्रमों के अनुसार दिग्विजय चौटाला क्रमशः जयपुर, राजावास, चोमू, ढोठसर, सरगोठ विनायक हॉस्टल, रींगस, बावड़ी, पलसाना, अखेपुरा टोल, रानोली, गोरया, बाजोर, रामू का बास, गोकुलपुरा, इमराय मोटर्स सर्किट हाउस, महरिया-किया, सीकर मंडी, देवीपुरा बालाजी, बजरंग काटा मौजूद रहे।

# मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल मे मनाया गया पर्यावरण दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल की एन एस एस शाखा ने पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया क इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट मे बोतल को काटकर गमले बनाये व उसमे पौधे लगाए व बारहवीं कक्षा के छात्रों ने स्कूल के प्रांगण मे कई तरह के वृक्षों का पौधारोपण किया कविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने व एन एस एस शाखा की इंचार्ज अलका सैनी ने भी छात्रों के साथ पौधारोपण किया कडॉ आर आर सूरी ने इन छात्रों को इसी तरह सामाजिक सेवा के लिए तत्पर



रहने का सन्देश दिया व पर्यावरण को सदा साफ सुथरा बनाये रखने व पर्यावरण को बचाये रखने के लिए सतर्क रहने को कहा ताकि हम बेहतर जिंदगी जी पाएं और प्रदूषण से मुक्त रहे कवृक्ष हमारे जीवन के आधार है इसीलिए अधिक से अधिक रोपण करना हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

# रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की मासिक बैठक 7 जून को

> 8 जल करण को प्रांतीय चेयरमैन व मनोहर लाल सहगल को प्रांतीय सलाहकार के पद पर नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा गया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**आज दिनांक 5/6/2023 को रिटायर कर्मचारी संगठन हरियाणा 1968 के ब्लॉक सचिव सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी की एक मीटिंग 3 मई को जिला रोहतक के बस स्टैंड प्रांगण में राज्य प्रधान बाबूलाल यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुइ । मीटिंग में सर्वप्रथम संगठन के पूर्व प्रधान प्रेम सिंह सैनी द्वारा जल करण बल्हारा को प्रांतीय चेयरमैन व मनोहर लाल सहगल को प्रांतीय सलाहकार के पद पर नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा गया जो हाउस में ध्वनि मत से पास हुआ । मीटिंग में प्रांतीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने प्रदेश भर के रिटायर कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर विचार व्यक्त किए । प्रांतीय प्रधान बाबूलाल यादव ने हरियाणा सरकार को चेताते हुए कहा कि रिटायर कर्मचारियों की जायज मांगों व समस्याओं को सरकार गंभीरता से लेकर समाधान करने का काम करें अन्यथा संगठन आंदोलन करने पर विवश होगा। मांगों व समस्याओं को लेकर जागरूकता के लिए जिला की मासिक मीटिंग 7 जून 2023 को स्थानीय ताज पार्क (नजदीक नया बस स्टैंड) में प्रातः 9:00 होगी।

# 'विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों पर्यावरण के प्रति सचेत करना'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** पर्ल इंटरनेशनल स्कूल, कुरुक्षेत्र की प्रिंसीपल दीपशिखा बेनीवाल ने कहा कि 5 जून 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है पर्यावरण की रक्षा करने के लिए लोगों को सचेत करना है इस दिन देश-दुनिया के विभिन्न संस्थान कॉलेज, स्कूल व अन्य स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बोल रही थी।

दीपशिखा बेनीवाल ने कहा कि कुछ दशकों से हमारा पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है. जिससे इस पर रहने वाले जीव-जंतु,



जलवायु समेत सभी चीजें प्रदूषित हो रही है. जिससे सबके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है. विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य है कि लोगों को इसके प्रति जागरूक करना। ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण

> 8 इस पर रहने वाले जीव-जंतु, जलवायु समेत सभी चीजें प्रदूषित हो रही है

करें न की पेड़ों की कटाई। उन्होंने कहा कि वातावरण के लिए खतरनाक प्लास्टिक जैसे कई पदार्थों का उपयोग बंद किया जाए और सोलर एनर्जी जैसी इको फ्रेंडली चीजों को ज्यादा से ज्यादा प्रयोग में लाया जाए। इस मौके पर स्कूल में पौधारोपण भी किया गया। इस मौके पर स्कूल की शिक्षिकाएं सुमिति, ममता भटनागर, मोनिका, नीरू, निशा, सीमा, मीनाक्षी मिड्ढा मौजूद थे।

# सरकार की गलत नीतियों के चलते जनता परेशानः सचिन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता सचिन कुंडू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान हरियाणा के कोने-कोने तक पहुंच रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता जनता से जनसंवाद करके उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं और प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर जिन जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा, उनकी जानकारी दे रहे है। सचिन कुंडू पानीपत ग्रामीण हलके के गांव बिंझौल में अपने जन संवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश की जनता बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व महंगाई आदि से परेशान है। लेकिन 2024 विधानसभा चुनाव प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने पर सभी वर्गों के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, उद्योग, आपदा प्रबंधन और अधिक के क्षेत्र में सुविधाएं प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर उड़ीसा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी गई और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई।

स अवसर पर पूर्व हल्का प्रधान दीपक खटकड़, सतपाल रोड़, बिजेंद्र पुनिया, युवा जिलाध्यक्ष मोहित बिंझौल, युवा हल्का प्रधान तेजेंद्र चंदौली, मास्टर प्यारा सिंह, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि चरण सिंह, पूर्व सरपंच रविंद्र धौंचक, तेजबीर, डॉ. जगदीश, राजेश, राजेंद्र, नर सिंह, प्रवेश, दयानंद, पुष्पेंद्र व संदीप बुडशाम सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर एकम न्यास द्वारा किया गया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एकम न्यास के सदस्यों द्वारा सैक्टर 9 के नजदीक एक पार्क में पौधारोपण किया और पौधों के देखभाल की जिम्मेवारी भी ली। एकम न्यास के प्रोजेक्ट सह संयोजक कवलजीत सहगल ने जानकारी दी कि 15-20 साल पहले की बात है कि जब आप खुद किसी भी हाइवे से गुजरते थे जगह-जगह सड़क के किनारों पर एक-दूसरे से सटे वृक्ष मानो आपसी भाईचारा प्रस्तुत कर रहे हों लेकिन आज की तारीख में



सब कुछ बदल चुका है। योजनाबद्ध विकास आवश्यक है लेकिन उसके लिए भी जरूरी यह है कि पेड़ों की नई श्रृंखला का सृजन होना चाहिए। आज पौधे लगेंगे वही कल बड़े पेड़ बनेंगे। इसकी शुरूआत बहुत जल्द हो जानी चाहिए। प्रोजेक्ट संयोजक राहुल अग्रवाल ने कहा कि आज सोशल मीडिया पर लोग रह-रहकर आवाज बुलंद कर रहे हैं कि धरती को कदम-कदम पर हरा-भरा बनाने के लिए कुछ न कुछ अभियान शुरू करना होगा।

> 8 यह सचमुच आने वाली पीढ़ी के सुखों की दिशा में और मानव जीवन की सुरक्षा में झुलसती गर्मी से बचाव का एक बड़ा प्रयास होगा

एक वृक्ष अगर आज लगेगा तो वह 10-20 साल बाद मानव जीवन को सुख-सुविधाएं देगा। आज से ही पोधारोपण हम खुद कर सकते हैं, यह सचमुच आने वाली पीढ़ी के सुखों की दिशा में और मानव जीवन की सुरक्षा में झुलसती गर्मी से बचाव का एक बड़ा प्रयास होगा। सदस्य नीरज अग्रवाल ने कहा कि यह सत्य है कि हम सब की मृत्यु निश्चित है और हमारी मृत्यु होने पर हमे लकड़ियो से जलाया जाता है यदि हम पेड़ नही लगयेंगे तो जलाने के लिए लकड़ी कहा से लाएँगे तो कम से कम दो पेड़ तो अपने जीवन मे जरुर लगाए।

# पौधारोपण और साइकिल का प्रयोग समय की मांगः प्रो. दलीप



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक)** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रेरणा समिति हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र में पौधारोपण के साथ 301वीं साइकिल जागरूकता यात्रा निकाली। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में विधि संकाय के निदेशक प्रोफेसर दलीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त मुख्य तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी ने की।

डॉ अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रेरणा समिति हरियाणा के गठन करने का उद्देश्य केवल और केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। 301 से अधिक साइकिल जागरूकता यात्राएं निकाली गयी हैं।

# भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार की मार से आम जनता परेशानः डा. कर्ण सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** पानीपत ग्रामीण हलके के गांव ब्राह्मण माजरा में कांग्रेस पार्टी के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पानीपत मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन डॉ. कर्ण सिंह कादियान ने कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. कर्ण सिंह कादियान ने कहा कि कांग्रेस हाई कमान, पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं द्वारा लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड?, कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जनता को बतलाने व कांग्रेस पार्टी का प्रचार



करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार की मार आम जनता पर पड़ रही है। गैस सिलेंडर 1120 रूपए में मिल रहा है लेकिन राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की सरकार है और वहां पर सिलेंडर 500 रुपया में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जुमलों की सरकार बनकर रह गई है। परिवार पहचान पत्र के नाम पर गरीबों के राशन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन तक का काट दी गई है। डा. कर्ण सिंह कादियान ने दावा किया कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है और हरियाणा और देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना तय है। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपए दी जाएगी। इस अवसर पर युवा नेता सुरेंद्र कादियान एडवोकेट, वेद सिंह, डॉ. महावीर सिंह, सतबीर सिंह, करम सिंह, दलबीर बाल्मिकी, रामभज शर्मा, बलवान शर्मा, राममेहर सिंह व सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के 9 वर्षों में भारत ने विश्व में अलग पहचान बनाई: नितिन पटेल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्र की मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की ओर से हरिद्वार बाईपास रोड स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री नितिन पटेल सहित हरिद्वार सांसद नरेश पोखरियाल निशंक, कई विधायक, पूर्व विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता के दौरान गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा कि आज देश में बड़े-बड़े कार्यों का प्रचार तो खूब होता है, किन्तु प्रत्यक्ष रूप से जनहित से जुड़े विकास कार्यों, उनकी प्रगति का पता आम जनता तक नहीं पहुंच पाता। इसलिए भारतीय जनता पार्टी केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष की उन उपलब्धियों व योजनाओं को 140 करोड़ भारतवासियों तक पहुंचाने के लिए महा जनसंपर्क अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 सालों में जितना विकास कार्य हुआ उतना गैर भाजपा सरकारों के 60 सालों में नहीं हुआ। आज भारत आत्मनिर्भर भारत बना है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूर दृष्टिकोण का नतीजा ही है। यही कारण है कि 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को आज विकसित देशों के शासनाध्यक्ष भी उचित मान सम्मान देते हैं, जो न केवल एक प्रधानमंत्री का सम्मान है बल्कि पूरे भारत वर्ष के लोगों का है।
उन्होंने कहा कि कोरोना के वक्त बंद पड़े रोजगार, व्यापार, नौकरियों के कारण किसी को भी भूखा ना सोना पड़े, इसकी भी उन्होंने उचित व्यवस्था की। पूरे दो साल तक कई करोड़ भारतवासियों को मुफ्त अनाज मुहैया कराया। आज चाहे जन धन के माध्यम से, चाहे किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से चाहे किसान सब्सिडी हो या उज्जवला योजना हो, चाहे आयुष्मान योजना हो या प्रधानमंत्री आवास योजना आदि सभी के तहत हर भारतवासियों तक उचित लाभ पहुंचाने का कार्य इन पिछले 9 वर्ष के कार्यकाल के दौरान मोदी सरकार ने किया।
उन्होंने टिहरी बांध के विषय पर बताते हुए कहा कि कल मैं वहां गया तो मुझे बताया गया कि कैसे अब तक यह डैम 1450 मेगावाट बिजली का उत्पादन करता है, किन्तु बहुत जल्द ही इसमें 1 हजार मेगावाट का अतिरिक्त उत्पादन हो सकेगा, जिससे कुल 2450 मेगावाट बिजली का उत्पाद प्रतिदिन होने लगेगा।
इससे पूर्व हरिद्वार सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेन्0द्र मोदी के विजन और मिशन के कारण विश्वभर में अपनी अलग पहचान बना चुका है।

# जोशीमठः ग्लेशियर टूटने के बाद फंसे 6 श्रद्धालुओं में से एक महिला श्रद्धालु की मौत

**8 बाकी पांच श्रद्धालुओं (03 महिलाएं व 02 पुरुष) को सकुशल रेस्क्यू कर सुरक्षित घांघरिया पहुंचा दिया गया है**

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
हेमकुंड साहिब मार्ग पर अटलाकोटि में ग्लेशियर टूटने के बाद फंसे 6 श्रद्धालुओं में से एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई है। बाकी पांच श्रद्धालुओं (03 महिलाएं व 02 पुरुष) को सकुशल रेस्क्यू कर सुरक्षित घांघरिया पहुंचा दिया गया है।
अटलाकोटि में ग्लेशियर टूटने के बाद रविवार देर शाम को कुछ श्रद्धालु फंस गए थे।
यात्रा मार्ग पर तैनात एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। टीम ने हुए 05 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू कर सुरक्षित घांघरिया पहुंचाया। इस दौरान एक महिला श्रद्धालु नहीं मिलने पर रात तक सर्चिंग की गई। देर रात्रि में अंधकार बढ़ने व पुनः ग्लेशियर टूटने के सम्भावना के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन को रोकना पड़ा। सुबह होते ही एसडीआरएफ ने पुनः सर्चिंग आरम्भ की। गहन सर्चिंग के दौरान टीम ने महिला श्रद्धालु कमलजीत कौर उम्र 37 वर्ष पत्नी जसप्रीत सिंह निवासी अमृतसर पंजाब का शव बर्फ की मोटी चादर से ढका मिला। टीम ने शव को जिला पुलिस के सुपुर्द कर दिया।




## संक्षिप्त खबरें

### त्रिवेणी घाट पर गंगा में नहाते हुए युवक डूबा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली से अपने चार दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने आया एक युवक त्रिवेणी घाट पर गंगा में नहाते हुए डूब गया। जल पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है।
त्रिवेणी घाट चौकी प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दिल्ली से आए पांच युवक गंगा में नहा रहे थे। इस बीच एक युवक गंगा की धारा में बह गया। इस घटना का साथ नहा रहे उसके साथियों को पता नहीं चला। कुछ देर बाद जब वह नजर नहीं आया तो साथी युवक त्रिवेणी घाट पुलिस चौकी पहुंचे और अपने दोस्त विजयपाल (27) पुत्र चंद्रकिरण निवासी मुकंदपुर विस्तार नार्थ वेस्ट दिल्ली के लापता होने की सूचना दी। कुछ देर बाद त्रिवेणी घाट से करीब 200 मीटर आगे बहत्तर सीढ़ी घाट पर एक युवक का शव बरामद किया गया। वहां मंदिर के पुजारी अर्जुन गौतम ने चौकी पुलिस को इस बात की सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। युवक की पहचान उक्त लापता युवक के रूप में की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
युवक के सहकर्मी विनोद ने बताया कि हम सभी नगर निगम दिल्ली में काम करते हैं। शनिवार की शाम सभी लोग हरिद्वार पहुंचे थे। वहां रविवार की सुबह सभी ने गंगा में स्नान किया था। जिसके बाद वह ऑटो में बैठ गए। ऑटो चालक ने बताया कि ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर स्नान का भी पुण्य मिलता है। इसके बाद वह यहां चले आए और यह घटना घट गई।

### ऋषिकेश: शादी का झांसा देकर महिला से बनाए शारीरिक संबंध, मामला दर्ज

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कार्यरत एक महिला कर्मचारी ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए जाने का आरोप लगाया है। महिला ने युवक पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। महिला ने युवक के खिलाफ पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है।
कोतवाली पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय महिला ने शिकायत में बताया कि वह संजय पुत्र इंद्र दत्त रतूड़ी निवासी आइडीपीएल, ऋषिकेश के संपर्क में आई। दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग शुरू हुआ। आरोप है कि इस बीच कई दफा संजय ने शादी का वादा कर अलग-अलग स्थानों पर शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी के लिए कहा, तो युवक मुकर गया। मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी भी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित संजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।
एम्स चौकी प्रभारी मनवर सिंह ने बताया कि महिला के पति की मृत्यु हो चुकी है। वह एम्स में नौकरी करती है। मामले की विवेचना महिला उपनिरीक्षक सोनल को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि महिला का बयान दर्ज करने और पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।

### रेकिट ने डेटॉल जलवायु अनुकूल स्कूल के शुभारंभ के साथ विश्व पर्यावरण दिवस 2023 मनाया

**देहरादून।** वैश्विक कंज्यूमर हेल्थ और हाइजीन कंपनी रेकिट ने डेटॉल स्कूल हाइजीन एजुकेशन प्रोग्राम प्रोजेक्ट के तहत प्लान इंडिया के साथ मिलकर अपने प्रमुख कैंपेन डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में पहले डेटॉल जलवायु अनकूल स्कूल का उद्घाटन किया उत्तरकाशी के अथाली में स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल उत्तराखंड में गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ में बनाए जा रहे चार स्कूलों में पहला है उद्घाटन समारोह में अभिषेक रूहेला, जिलाधिकारी, जिला उत्तरकाशी,रवि भटनागर, डायरेक्टर, एसओए एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिप्स, रेकिट, डॉ. सुधीर कुमार उनियाल, प्राचार्य, माध्यमिक विद्यालय अथाली, उत्तरकाशी, पद्मेंद्र सकलानी, जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित थे। गौरव जैन एक्सिक्यूटिव वाइस प्रेजीडेंट रेकिट साउथ एशिया ने कहा रेकिट में हमारा मानना है कि हम जो भी काम कररते हैं उसे करते हुए जलवायु परिवर्तन का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है और हम 2030 तक अपने परिचालनों को 100प्रतिशत नवीकरणीय बिजली से संचालित करके विश्वस्तर पर 2040 तक नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं हम उत्तराखंड राज्य में व्यवहार में परिवर्तन लाने और देश के भविष्य युवा पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं उत्तरकाशी में जलवायु अनुकूल स्कूल की स्थापना एक दीर्घकालिक भविष्य के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में उठाया गया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विस अध्यक्ष किया पौधरोपण

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने देश के पहले गांव माणा में पौधरोपण किया।
उन्होंने पहाड़ी बादाम कपासी के पौधे का रोपण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने को कहा। मौके पर माणा के प्रधान पीताम्बर सिंह मोलपा, उप प्रधान लीला देवी, पूर्व प्रधान गायत्री देवी व आनन्द सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भगवान बद्रीविशाल के दर्शन करने बाद वाइब्रेंट विलेज माणा पहुंची थीं।

# महानगर कांग्रेस ने जिलाधिकारी कार्यालय का किया घेराव

**8 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन, निगम और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर कांग्रेस ने सोमवार को विभिन्न विभागों की अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया। इस घेराव का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह ने किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रशासन, निगम और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।
डॉ. जसविंदर सिंह ने कहा कि पूरे शहर की सड़कें खोद दी गयी हैं, लेकिन सरकार युद्धस्तर पर सड़कों को बनाने के बजाय गड्ढे भरने वाला एप जैसी बातों से जनता को भ्रमित कर रही है। ये गड्ढे भरने वाला एप भी जुमला ही है। लोग, विशेषकर दोपहिया वाहन सड़कों पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अब मानसून सीजन में सड़कों की समस्या तो बढ़ेगी ही, साथ ही नालियां भी अवरुद्ध पड़ीं हैं। ये सब कार्य स्मार्ट सिटी के नाम पर हो रहे हैं। सरकार स्मार्ट सिटी के काम के नाम पर लोगों की आंख में धूल झोंकी जा रही है जो परेड ग्राउंड के कामों में जनता ने देख ही लिया है।
प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में शहर की समस्याओं, तथा स्मार्ट सिटी के कार्यों को तत्काल पूरा करने आदि के प्रति मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया गया है। कांग्रेस कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं होता है तो महानगर कांग्रेस कमेटी सड़कों पर उतर के प्रदर्शन करेगी।



# ऋतु खंडूड़ी ने भगवान बद्री विशाल के किए दर्शन

**8 विधानसभा अध्यक्ष ने श्री लक्ष्मी माता मंदिर में भी दर्शन किये तथा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से भी मिलीं**

**श्री बदरीनाथ/जोशीमठ**
विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण सोमवार को भगवान बद्री विशाल के दर्शन करने पहुंची। वह सुबह सड़क मार्ग से श्री बदरीनाथ धाम पहुंची, जहां श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने उनकी अगवानी की। विधानसभा अध्यक्ष ने भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए और वेदपाठ पूजा संपन्न की।



मंदिर में दर्शन के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष ने श्री लक्ष्मी माता मंदिर में भी दर्शन किये तथा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से भी मिलीं। मंदिर परिसर में बीकेटीसी द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को भगवान बद्री विशाल का प्रसाद और तुलसी माला भेंट की गयी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह से श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ में यात्रा व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष बाल विधानसभा सत्र के लिए भराड़ीसैंण रवाना हो गयीं।

## मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री योगी को दी जन्मदिन की बधाई

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।
सोमवार को ट्वीट कर मुख्यमंत्री धामी ने लिखा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बाबा केदार एवं बदरी विशाल से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुयशपूर्ण जीवन की कामना करता हूं।
इस ट्वीट के साथ मुख्यमंत्री धामी ने एक चित्र भी लगाया है जिसमें वह योगी आदित्यनाथ को पुष्पगुच्छ भेंट कर रहे हैं।

# छात्र संघ समारोह में हंगामा करने वाले एबीवीपी कार्यकर्ता पर कार्रवाई की मांग



**8 पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमित मिश्रा की ओर से किए गए हंगामा का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
गोपेश्वर महाविद्यालय में छात्र संघ समारोह के दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ता और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमित मिश्रा की ओर से किए गए हंगामा का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को एनएसयूआई के कार्यकताओं ने हंगामा करने वाले एबीवीपी के कार्यकर्ता की गिरफ्तारी करने की मांग करते हुए एबीवीपी का पुतला दहन किया।
बीते दो जून को महाविद्यालय में आयोजित छात्र संघ समारोह के दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ता और पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमित मिश्रा की ओर से मंच पर एबीवीपी के पदाधिकारियों के लिए कुर्सी न लगाये जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया गया था।
साथ ही मारपीट और धमकी दी गई। इस पर पुलिस ने बीच बचाव कर मामले को शांत किया था।
इस मामले में छात्र संघ की ओर से थाना गोपेश्वर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराए जाने को लेकर एक पत्र भी दिया था, लेकिन अभी तक उस पर कार्रवाई न किये जाने से आक्रोशित एनएसयूआई कार्यकताओं ने सोमवार को महाविद्यालय परिसर में एबीवीपी का पुतला दहन किया गया।

# कार्तिक स्वामी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ का शुरू

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली और रुद्रप्रयाग जिले की सीमा पर स्थित क्रौंच पर्वत पर कार्तिक स्वामी कुमार लोक में 362 गांवों के सहयोग से सोमवार से 11 दिवसीय महायज्ञ एवं स्कंद पुराण का वाचन शुरू हो गया है।
मंदिर समिति अध्यक्ष शत्रुघ्न नेगी ने बताया कि हर वर्ष की भांति विश्व शांति एवं क्षेत्रीय जनता की सुख समृद्धि की कामना के लिए महायज्ञ एवं स्कंद पुराण कथा का आयोजन आचार्यों की ओर से विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ हो गया है। इसके तहत 14 जून को भव्य जलकलश यात्रा एवं 15 जून को पूणार्हूति के साथ यज्ञ सम्पन्न होगा।



स्कन्द पुराण कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास वासुदेव थपलियाल ने कहा कि कार्तिक स्वामी में जो भी श्रद्धालु स्कंद पुराण के केदारखंड का श्रवण करता है उनको सभी तीर्थों का पुण्य मिलता है। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव ने सृष्टि रचना कैसे की, विस्तार से जानकारी दी।

# शांतिकुंज में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सोमवार को वृक्ष कांवड यात्रा के साथ विविध कार्यक्रम हुए। सुबह अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख शैलदीदी ने अशोक के पौधे का पूजन कर विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रमों की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा फलदार, छायादार पौधे रोपने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति का सम्मान करना सीखना होगा, तभी वह हमें सम्मान सहित जीवन देगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पौधे लगाने का अभियान मात्र नहीं है, बल्कि पर्यावरण के हितैषी वृक्ष लगाना एवं उनका पूरा संरक्षण इसकी विशेषता है। इसमें जन-जन की भागीदारी होनी चाहिए।
शांतिकुंज अधिष्ठात्री शैलदीदी ने बालवाटिका अभियान का भी शुभारंभ किया। बालवाटिका के अंतर्गत ऑक्सीजन जोन तैयार करने के लिए घर-घर के नौनिहालों को प्रेरित किया जायेगा। ताकि घरों के आंगन, छतों, बालकोनियों को हरियाली से भरे, जिससे शुद्ध वायु प्राप्त किया जा सके। शांतिकुंज सहित केरल, ओडिशा, झारखण्ड, मप्र, बिहार, गुजरात सहित 16 राज्यों के आये हजारों साधकों ने पौधों का कांवड़ लेकर भव्य शोभयात्रा निकाली।



यह यात्रा शांतिकुंज के गेट नंबर तीन से निकली। इस दौरान पीतवस्त्रधारी साधकों द्वारा धरती माता कर रही पुकार-वृक्षारोपण के लिए हो जाएं तैयार, मां की ममता और पेड़ की दान-दोनों करते है जन की कल्याण जैसे नारे लगाये गये। इसके पश्चात यह यात्रा शांतिकुंज पावन समाधि स्थल पहुंची, जहां यह यात्रा सभा के रूप में परिवर्तित हो गयी। इस सभा को शांतिकुंज के रचनात्मक प्रकोष्ठ के समन्वयक केदार प्रसाद दुबे तथा कार्यक्रम समन्वयक श्याम बिहारी ने संबोधित करते हुए पौधों में निवेश करने और आने वाली पीढ़ियों को जीवंत रखने के लिए आवाह्न किया।

# गौमांस के साथ 2 गिरफ्तार, चार फरार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने दो अलग-अनग थाना क्षेत्रों से दो व्यक्तियों को गौ मांस के साथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान चार अन्य आरोपित फरार हो गए। पुलिस ने दोनों के पास से गौ मांस व एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है।
जानकारी के मुताबिक जनपद के रूड़की के गंगनहर थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने रहीमपुर मस्जिद के पास पनियाला हाईवे के नीचे एक मोटर साइकिल यूके 08 पी 8905 को रोककर चेक किया। बाइक से 50 किलोग्राम गौ मांस बरामद हुआ। पुलिस ने बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान उसके साथी अफजल व सफीक मौके से फरार हो गए। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम हामिद पुत्र आकिल निवासी सफरपुर कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार बताया।



दूसरी ओर थाना बुग्गावाला पुलिस ने लालवाला मजबता बन्दरजूड में आम के बगीचे से गौकशी करते हुए 80 किलो गोमांस व गौकशी उपकरण के साथ एक आरोपित सत्तार उर्फ मोहलड़ पुत्र सद्दीक निवासी लालवाला मजबता बन्दरजूड़ थाना बुग्गावाला हरिद्वार को पकड़ा। इस दौरान इमरान पुत्र सत्तार उर्फ मोहलड़ निवासी लालवाला मजबता बन्दरजूड़ थाना बुग्गावाला हरिद्वार व एक अज्ञात मौका पाकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है जबकि फरार चारों आरोपितों की पुलिस तलाश में जुटी है।

# संपादकीय

## भयावह होती रेल दुर्घटनाओं की तस्वीर

**उड़ीसा** के बालासोर में 2 जून की शाम को हुए भीषण ट्रेन हादसे में करीब तीन सौ लोग मारे गए हैं और एक हजार से भी ज्यादा घायल हुए हैं। इस हादसे में कोलकाता से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी और इसी बीच यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस वहां आ गई और कोरोमंडल से टकराकर पलट गई। इस टक्कर के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें ट्रेन का इंजन बोगी के ऊपर चढ़ गया। बालासोर के पास बाहानगा बाजार स्टेशन के नजदीक हुए हादसे में पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और यह ट्रेन दूसरी तरफ से आ रही यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गई, जिसके बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतरे और उसी दौरान कोरोमंडल एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से जा टकराई। यह रेल हादसा कितना भयानक था, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि रेल की पटरी सीधे ट्रेन के फर्श को चीरते हुए अंदर घुस गई और बोगी के आरपार हो गई। भारत में आजादी के बाद हुए घातक ट्रेन हादसों में यह हादसा अत्यधिक भीषण हादसा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर किसी का हाथ कटा पड़ा था तो किसी का पैर, किसी का सिर तो किसी का धड़। रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) एएम चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि प्रारंभिक संकेतों के अनुसार इस दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि देश में 16 महीने बाद कोई ऐसा रेल हादसा हुआ है, जिसमें लोगों की जान गई है। इससे पहले 14 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दोमोहानी के पास हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। तब बीकानेर से गुवाहाटी जा रही बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थी। हादसे के समय ट्रेन की गति कम थी अन्यथा रेल तंत्र की लापरवाही के कारण वह दुर्घटना बहुत बड़ी हो सकती थी। उस समय कहा गया था कि वह हादसा 34 महीने बाद हुआ था। हालांकि वास्तव में ऐसा है नहीं, रेल हादसे निरन्तर होते रहे हैं और लोग ऐसे हादसों की बलि चढ़ते रहे हैं। इसी साल 2 जनवरी को राजस्थान में पाली के नजदीक बांद्रा-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बेपटरी हो गए थे, उस हादसे में 26 यात्री घायल हुए थे। 22 अप्रैल 2021 को लखनऊ-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस ने बरेली-शाहजहांपुर के पास क्रॉसिंग पर कुछ वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 3 फरवरी 2019 को जोगबनी से दिल्ली जा रही सीमांचल एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने से सात से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी। ऐसे हादसों में हर बार हताहतों की चीखें खोखले रेल तंत्र की कमियों को उजागर करते हुए समूचे रेल तंत्र को कटघरे में खड़ा करती रही हैं लेकिन उसके बावजूद रेल हादसों पर लगाम नहीं कसी जा रही। भारत का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों में से एक हैं, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है। रेलों के जरिये प्रतिदिन न केवल करोड़ों लोग यात्रा करते हैं बल्कि यह माल ढुलाई का भी सबसे बड़ा साधन है।

# नवीन चेहरों से बदलेगी पानसेमल विधानसभा की तस्वीर

नरेंद्र तिवारी

> नए चेहरों में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में पहिचान रखने वाले श्याम बरडे ग्राम रामपुरा पोस्ट जलगोन के निवासी होकर राजनीति में सक्रिय युवा है। सरकारी सेवा से इस्तीफा देकर भाजपा के लिए तन-मन से समर्पित है। पूर्व में अपनी पत्नी को जिला पंचायत सदस्य बनाने में सफल हुए थे। एमए हिंदी साहित्य तक शिक्षित श्याम भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री भी रह चुके है। उनके परिवार का भाजपा जनसंघ एव संघ से पुराना जुड़ाव है। समाज मे अच्छी पकड़ रखने वाले श्याम क्षेत्र में युवा चेहरों में काफी चर्चित है। पानसेमल विधानसभा क्षेत्र से प्रोपेसर प्रकाश सोलंकी की उम्मीदवारी के चर्चे भी विधानसभा के लोगो की जबान पर है। निवाली तहसील के ग्राम चाटली के निवासी प्रकाश छात्र जीवन से संघ और विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे है। उनकी पत्नी भी पानसेमल कालेज में हिंदी की प्राध्यापक है

**बड़वानी** (नरेंद्र तिवारी) जिले की आदिवासी बाहुल्य पानसेमल विधानसभा में राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर जहां प्रमुख दल सक्रिय हो गए हैं। वहीं दोनों प्रमुख दलों में नए चेहरे दस्तक देतें दिखाई दे रहे है, जिन्हें आम नागरिकों का समर्थन भी मिल रहा है। इस विधानसभा के मतदाताओं की चिंता कारण स्थायी नैतृत्व का अभाव रहा है। स्थायी नैतृत्व के अभाव के चलते पानसेमल विधानसभा क्षेत्र विकास की उन सौगातों से दूर ही रहा जो ऊजार्वान और सक्रिय नैतृत्व के बल पर प्राप्त हो सकती थी। इस विधानसभा क्षेत्र में बडे उद्योगों का अभाव है। विधानसभा में अनुसूचित जनजाति वर्ग का बाहुल्य है। अधिकांश लोग खेती और मजदूरी से अपना जीवन यापन करते है। रोजगार की समस्या यहां भी सर उठाए खड़ी है। मजदूरों का पलायन क्षेत्र की मुख्य समस्याओं में से एक है। इस विधानसभा के तीन बड़े शहर है। पानसेमल, खेतिया और निवाली इनमें खेतिया में जिनिग प्रेसिंग उधोग स्थित है। सीमावर्ती शहर होने से व्यवसाय के साथ यहां अपराध भी फलते-फूलते रहें हैं, अवैध शराब का धंधा यहां जोरो पर है। एक राज्य से दूसरे राज्य अवैध शराब के वाहन एमपी के खेतिया से ही महाराष्ट्र के पार खेतिया पहुँचतें है। कपास उधोग पर मंडी टेक्स की मार है। जिसके चलते व्यवसायी खुद अपने उधोग महाराष्ट्र शिफ्ट कर रहे है। इस वजह से मजदूरों का पलायन बड़ी समस्या बन गया है। व्यवसायी मुकेश जैन खेतिया के अनुसार मंडी टेक्स के कारण कपास व्यवसाय प्रभावित हुआ है। एमपी की तुलना में महाराष्ट्र राज्य में मंडी टेक्स भी कम है और व्यापार के अनुकूल माहौल भी है। खेतिया के व्यवसायी महाराष्ट्र राज्य की सीमा में व्यवसाय करना अधिक उपयुक्त मान रहे है। पानसेमल विधानसभा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के मामले में भी बेहद पिछड़ा है। खेती मुख्य व्यवसाय है। किन्तु सिंचाई के साधनों पर किसी भी सरकार और प्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया। ग्राम मेलन के कृष्णा चौधरी ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया ग्राम मेलन में जीवनदायिनी उमरी नदी है। जो तीन नदियों का संगम है। इस पर डेम बनाने की मांग बरसो से की जा रही है। किंतु भाजपा-काँग्रेस दोनों दलों की सरकार इस नदी पर एक डेम का






निर्माण नही करा पाएं। पानसेमल क्षेत्र में अनुभाग होने से सरकारी कार्यालयों का मुख्यकेन्द्र है। निवाली इस क्षेत्र में आदिवासी शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। यहां स्वर्गीय कांता बहन त्यागी द्वारा स्थापित बालिका कस्तूरबा आश्रम विधालय एव दिव्यांग आश्रम स्थित है। इस आश्रम से क्षेत्र में आदिवासी खासकर बालिका शिक्षा को बल मिल सका है। सामाजिक कार्यकर्ता राजा शर्मा के अनुसार कांता बहन त्यागी द्वारा बालिका शिक्षा के क्षेत्र में बरसों पूर्व किये प्रयास अब निमाड़ का नाम रोशन कर रहे है। निवाली के कस्तूरबा आश्रम और विधालय ने बालिका शिक्षा की जो नींव रखी थी, इस नींव से निवाली ही नही सम्पूर्ण बड़वानी जिले में बालिका शिक्षा का प्रसार हो पाया है। निवाली प्रारंभिक शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। क्षेत्र में उधोग और रोजगार मूलक शिक्षा का अभाव अब भी है। किसी भी सरकार ने पानसेमल क्षेत्र में उधोग और रोजगार पर ध्यान नही दिया। वर्ष 2023 में क्षेत्र के मतदाताओं का पुराने चेहरों से मोह भंग होता दिख रहा है। इस विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान विधायक कांग्रेस की चंद्रभागा किराड़े है। जिन्होंने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के दीवानसिंह पटेल को 25 हजार से अधिक मतों से पराजित कर लोकसभा में जीत का रिकार्ड दर्ज किया था। किंतु इस रिकॉर्ड विजयी के बाद भी सरकार नहीं होने के कारण क्षेत्र की समस्या को पुरजोर ढंग से नहीं उठा पाने के परिणामस्वरूप चंद्रभागा किराड़े के विरुद्ध विरोध के स्वर सुनाई दे रहे है।

भाजपा के दीवानसिंह भी बड़ी हार के बाद भाजपा का चेहरा बन पाए इसकी उम्मीद कम ही है। उम्मीद कन्हैयालाल सिसौदिया की भी नहीं के बराबर है, वें भाग्य आजमा चुके है। दीवानसिंह पटेल पूर्व में इस विधानसभा का नैतृत्व कर चुके है। इस विधानसभा का नैतृत्व तो मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री आदिवासी नेता बाला बच्चन भी कर चुके है, किन्तु क्षेत्र का समुचित विकास अब तक नहीं हो सका है। इन हालातों में जनता के बीच से नवीन चेहरों को क्षेत्र की बागडौर सौपें जाने की आवाज सुनाई दे रही है। इन चेहरों में कौन आगे है, कौन दमदारी से हाईकमान तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा पाया है। क्षेत्र में इन नए चेहरों की स्थिति क्या है। इन सभी की पड़ताल की तो जनता से ज्ञात हुआ की नए चेहरों पर जनता की निगाह है, उनमें काँग्रेस के प्रदीप जाधव, प्रकाश खेड़कर, प्रोपेसर जितेश्वर खरतें, गजानन्द ब्रह्मणे, राजेश कनोजे, रमेश चौहान की चर्चा जोरों पर है। भारतीय जनता पार्टी से भी युवा चेहरों की मांग है, जिनमे श्याम बरडे, प्रकाश सोलंकी, विकास डावर, जुलाल वसावे के नाम जनता के मध्य में भी सुनाई दे रहें है। नए चेहरों में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में पहिचान रखने वाले श्याम बरडे ग्राम रामपुरा पोस्ट जलगोन के निवासी होकर राजनीति में सक्रिय युवा है। सरकारी सेवा से इस्तीफा देकर भाजपा के लिए तन-मन से समर्पित है। पूर्व में अपनी पत्नी को जिला पंचायत सदस्य बनाने में सफल हुए थे। एमए हिंदी साहित्य तक शिक्षित श्याम भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री भी रह चुके है। उनके परिवार का भाजपा जनसंघ एव संघ से पुराना जुड़ाव है। समाज मे अच्छी पकड़ रखने वाले श्याम क्षेत्र में युवा चेहरों में काफी चर्चित है। पानसेमल विधानसभा क्षेत्र से प्रोपेसर प्रकाश सोलंकी की उम्मीदवारी के चर्चे भी विधानसभा के लोगो की जबान पर है। निवाली तहसील के ग्राम चाटली के निवासी प्रकाश छात्र जीवन से संघ और विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे है। उनकी पत्नी भी पानसेमल कालेज में हिंदी की प्राध्यापक है। आदिवासी समाज से उनका गहरा जुड़ाव है। आदिवासी एकता परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके है। सोलंकी को संघ से जुड़ाव का लाभ मिलने की भी चर्चा है। विधानसभा में एक और युवा और शिक्षित चेहरा विकास अर्जुन डावर की भी बहुत चर्चा है। ग्राम मंसूर के निवासी है। निवाली जनपद के अध्यक्ष रह चुके है। अभी कुछ माह पूर्व ही काँग्रेस से भाजपा में शामिल हुए है। सामाजिक और जातीय गणित इस युवा के अनुकूल है। भाजपा से टिकिट की दौड़ में कन्हैयालाल सिसौदिया का  नाम भी चर्चा में है। वें रिटायर शिक्षक है। विधानसभा में भाजपा की और से पूर्व में भाग्य आजमा चुके है किंतु सफल नही हो सके। चर्चा में जुलाल वसावे पानसेमल का नाम भी है। भाजपा की तरह ही कांग्रेस में अनेकों उम्मीदवार टिकिट की दौड़ में शामिल है। इनमें वर्तमान विधायक चंद्रभागा किराड़े का नाम इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि वर्ष 2018 के चुनाव में उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार को 25 हजार से अधिक मतों से पराजित किया था। यह अंतर खरगोन-बड़वानी लोकसभा की 10 विधानसभाओं में सबसे अधिक था। इसके बावजूद चंद्रभागा के टिकिट पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे है। इस असमंजस की स्थिति से युवा उम्मीदवारों को बल मिलता है। काँग्रेस से युवा चेहरों में प्रकाश धुरसिंह खेड़कर का नाम विधानसभा के मतदाताओं की जुबान है। ग्राम मनकुई पानसेमल के निवासी प्रकाश का परिवार पीढ़ियों से कांग्रेस समर्थित बना हुआ है। अब प्रकाश के रूप में पार्टी से उम्मीदवारी की मांग की जा रही है। प्रकाश एमए एलएलबी है। 36 वर्षीय यह युवा चेहरा क्षेत्र की जनता की पसंद बना हुआ है। प्रकाश के पिता श्री धुरसिंह खेड़कर भी टिकिट की मांग कर चुके है।

# कविता

## मैंने सुकून को देखा है

पेड़ों के नीचे बैठकर
मोह-माया को दूर कर
कितनी ही प्रतिभाओं को
हर क्षण उभरते देखा है
मैंने प्रकृति में सुकून देखा है।

कि खेत खलियान में
एकता की आन में
युवाओं को टहनियों पर
झुला झुलते देखा है,
हां मैंने प्रकृति में सुकून देखा है।

इस भगदड़ की जिंदगी में
प्रकृति के बीच बैठ कर
कठिनाईयों को महसूस कर
जीवन के रहस्य को देखा है
जी मैंने प्रकृति की गोद में सुकून देखा है।

छोटे लाल प्रसाद

## राहुल कभी पढ़ भी लेते मुस्लिम लीग का इतिहास

आर.के. सिन्हा

**राहुल** गांधी ने मुस्लिम लीग को सेक्युलर पार्टी होने का प्रमाणपत्र देकर एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी इतिहास की समझ एक स्कूली बच्चे से भी कमजोर है। जाहिर है कि अमेरिका की यात्रा पर गये राहुल गांधी के बयान पर हंगामा खड़ा हो गया है। अब सभी कांग्रेसी राहुल गांधी का बचाव करने में भी लगे हैं। यह भारत में ही संभव है कि मोहम्मद अली जिन्ना की जिस आल इंडिया मुस्लिम लीग ने भारत को तोड़ा था, उससे मिलते- जुलते नाम से इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ( आईयूएमएल) भारत के विभाजन के कुछ माह बाद ही एक राजनीतिक पार्टी के रूप में सामने आई। इसका गठन 10 मार्च 1948 को ही हुआ। ये मुख्य रूप से केरल में ही एक्टिव रही है। कभी-कभी तमिलनाडू में भी चुनाव लड़ती रही है। क्या भारतीय कांग्रेस या भारतीय समाजवादी पार्टी के नाम से कोई पार्टी पाकिस्तान में बन सकती थी? ऐसी ही एक गलती भारतीय जनता पार्टी के महा शक्तिशाली नेता और कई बार पूर्व अध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री रहे लाल कृष्ण आडवानी ने भी किया था कवे जब पाकिस्तान के दौरे पर थे, जिन्ना की मजार अपर चले गये क तब भी पूरे देश में, खासकर भाजपा के अन्दर कोहराम मचा था कहर भाजपाई आडवानी की पद-प्रतिष्ठा की परवाह किये बिना आडवानी की आलोचना कर रहा था क स्थिति ऐसी हो गई कि भाजपा की केन्द्रीय कार्यसमिति ने एक निंदा का प्रस्ताव पास करने का निर्णय लिया कमैं भी भाजपा के 9 अशोक रोड पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में था जिस प्रेस कांफ्रेंस में यह सूचना दी जा रही थी कनिंदा का प्रस्ताव स्व. अरुण जेटली जी ने ही बनाया था जो उन दिनों आडवाणी जी के प्रमुख सहायक थे कपूरा मंच ऐसे ही नेताओं से भरा पड़ा था जो सामान्यतः आडवानी के धुर प्रशंसक थे कलेकिन, यही तो होता है लोकतांत्रिक पार्टी और कभी लोकतांत्रिक रही और अब परिवारवादी पार्टी बन चुकी पार्टी का फर्क अब जरा देख लीजिए कि जो पार्टी केरल में सक्रिय है वह मुसलमानों के लिए अंग्रेजी, अरबी, और उर्दू शिक्षा की पक्षधर है। ये केरल के मुसलमानों के लिए समृद्ध भाषा मलयालम या राष्ट्र भाषा हिंदी के महत्व को कत्तई महत्व नहीं देती। केरल के मुसलमानों को यह उर्दू की शिक्षा ग्रहण करने को लेकर क्यों दुबली हो रही है, यह समझ से परे है। शायद राहुल जी को पता होगा क्योंकि वे वहां से संसद रह चुके हैं कयह जम्मू - कश्मीर में धारा 370 की बहाली चाहती है। इसका लक्ष्य भारत को हिन्दू राष्ट्र बनने से रोकना और भारत को धर्म निरपेक्ष बनाये रखना भी है। यहीं पर इसकी पोल खुलती है।

ये भारत को तो धर्म निरपेक्ष रखना चाहती है पर दूसरी तरफ मुसलमानों से इस्लाम के अनुसार जीवन जीने की अपेक्षा रखती है। यानी इसका कहना है मुसलमान भारत के सँविधान और कानून की जगह इस्लाम की जो व्याख्या मुल्ला करते हैं उसे ही मानें। यह है इसका दोहरा मापदंड।

# विचार

## भयानक ट्रेन हादसे का जिम्मेदार कौन ?

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर दिनांक 2 जून 2023 को देर शाम भारत में रेल दुर्घटना इतिहास के तीसरे सबसे बड़े भीषण रेल दुर्घटना की गूंज तेज आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते मौतों का आंकड़ा 288 तक पहुंच गया और घायलों का आंकड़ा 1175 के पार हो गया देश का सारा संबंधित सिस्टम राहत और बचाव के कार्यों में भिड़ गया बड़े-बड़े मंत्री आला अधिकारी यहां तक कि माननीय पीएम द्वारा भी दिल्ली में इस हादसे को लेकर एक उच्च स्तरीय मीटिंग से पूरी जानकारी लेकर उन्हें दिशा निर्देश दिए और घटनास्थल की ओर रवाना हो गए तथा घटनास्थल और अस्पतालों को भेंट देकर अपने असहनीय वेदना का अनुभव प्रकट किया।वही पूरे विश्व से संवेंदनाओ का दौर आना शुरू हो गया था। अब सवाल उठता है कि इतनी भीषण गंभीर दुर्घटना के दोषी कौन है? हालांकि इसकी जांच उच्चस्तर पर तेजी से शुरू है जिसमें कहा जा रहा है कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने जांच पूरी कर ली है रिपोर्ट आना बाकी है।जबकि माननीय केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में संबंधित तोड़फोड़ व छेड़छाड़ का मामला हो सकता है इसलिए कुछ बातों का संज्ञान लेकर रविवार दिनांक 4 जून 2023 को सीबीआई जांच का आदेश जारी कर दिया है। चूंकि अब तक रेल दुर्घटनाओं के सबसे भीषण घटनाओं में तीसरे नंबर पर यह दुर्घटना कहीं जा रही है जिसमें 3 रेलगाड़ियों का आपस में भिड़ना सोचनीय व जांच का हिस्सा है। परंतु हादसे से सीख लेकर दोषी रेलवे कर्मचारियों की जवाबदेही निर्धारित करकार्यवाही का चाबुक शीघ्र चलाना जरूरी है ताकि यह एक नजीर बन सके और कोई भी रेल कर्मचारी लापरवाही करने की बात सपने में मैं भी न सोचे। चूंकि अब सीबीआई जांच का आदेश जारी कर दिया गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भयानक ट्रेन हादसे का जिम्मेदार कौन ? परिजनों को रोते बिखलते देख असहनीय वेदना का अनुभव सारे देश ने किया। साथियों बात अगर हम भारत के इतिहास में तीसरे सबसे बड़े रेल हादसे में रेलमंत्री के इस्तीफे और जवाबदेही निभाने की करें तो मेरा मानना है कि शायद रेल इतिहास में पहली बार पीएम नें उच्च स्तरीय बैठक कर दिशानिर्देश देना, पीएम का घटनास्थल पर दौरा, दुर्घटना के 51 घंटों के अंदर मरम्मत पूरी कर डाउन ट्रैक रेलमंत्री की उपस्थिति में परिचालन शुरू कर देना, युद्धस्तर पर राहत बचाव कार्य करना, कई केंद्रीय मंत्रियों का घटनास्थल पर प्रबंधन, इन सभी तथ्यों को देखकर मुझे नहीं लगता कि रेलमंत्री के इस्तीफे कोप्राथमिकता देना जरूरी है, जैसा कि विपक्ष के कुछ नेताओं द्वारा मांग की जा रही है। हालांकि अब बारी है भयंकर भीषण ट्रेन दुर्घटना हादसे के जवाबदार गैर जिम्मेदार कर्मचारियों अधिकारियों पर कार्यवाही का चाबुक चला कर दुर्घटना में पीड़ित और मृतक लोगों के परिवारों को न्याय दिया जा सकता है। इस भीषण दुर्घटना के हादसे में हमने देखे कि अमेरिका से लेकर पाकिस्तान तक यूरोपियन स्टेट से लेकर चीन तक सब भारत के दुख में भागीदार बने और संवेदनाएं प्रकट की। साथियों बात अगर हम ट्रेन हादसे की सीबीआई जांच के आदेश की करें तो केंद्रीय मंत्री ने कहा,रेलवे के ओर से सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है. रेलमंत्री ने रविवार शाम भुवनेश्वर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमने इस दुर्घटना की सीबीआई जांच की सिफारिश की है, जिसमें 275 लोगों की जान चली गई और 1,000 से अधिक घायल हुए हैं। राज्य सरकार की मदद के साथ केंद्र अलग अलग अस्पतालों में भर्ती घायल मरीजों को हर संभव उपचार मुहैया करा रहा है। दुर्घटना के मूल कारण और इसके लिए जिम्मेदार अपराधियों की पहचान कर ली गई है। उन्होंने बालासोर जिले में दुर्घटनास्थल पर मीडिया से बातचीत में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और प्वाइंट मशीन में किए गए बदलाव के कारण ऐसा हुआ।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
actionindiaddn@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# चिंतन

## मोदी सरकार की नौ सालों की सबसे बड़ी उपलब्धि

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

**केंद्र** में नरेंद्र मोदी की सरकार अपना नौ साल का कार्यकाल पूरा कर चुकी है। 2014 में सत्ता में आये नरेंद्र मोदी पहले ऐसे गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं जो लगातार दूसरा कार्यकाल बिना किसी बाधा के पूरा करने की ओर बढ़ रहे हैं। अगले वर्ष चूंकि लोकसभा चुनाव होने वाला है इसलिए भाजपा इस अवसर का लाभ उठाकर केंद्र सरकार के बीते 9 वर्ष के कार्यों से जनता को अवगत करवाने का अभियान भी शुरू कर रही है। इसे एक तरह से उसके चुनाव अभियान की अनौपचारिक शुरूआत भी कहा जा सकता है। हालाँकि उसके पहले ही तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होंगे लेकिन देश की जो राजनीतिक परिस्थितियां हैं उन्हें देखते हुए भाजपा के रणनीतिकार बिना समय गंवाए चुनाव प्रचार में बढ़त लेने का दांव चल रहे हैं। वैसे भी भाजपा अब हर चुनाव प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व के आधार पर लडने की आदी हो गई है। चूंकि कांग्रेस सहित बाकी विपक्षी दलों के बीच भाजपा के विरोध में गठबंधन बनाने की कवायद जोरों पर है इसलिए भी प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी संगठन को जनता के बीच जाकर उनकी सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराते हुए 2024 के महासमर हेतु मोचेर्बंदी करने हेतु सक्रिय कर दिया है। नए संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही सही मायने में प्रधानमंत्री ने अपना अभियान शुरू कर दिया। विपक्ष के अनेक दलों द्वारा संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किये जाने से श्री मोदी को खाली मैदान मिल गया। जहां तक बात उनकी सरकार की उपलब्धियों की है तो इसे लेकर राय भिन्न हो सकती हैं जो लोकतंत्र में स्वाभाविक ही है। लेकिन भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में जहां दर्जनों राजनीतिक पार्टियां हैं, वहां किसी एक नेता के बारे में एक जैसी राय बन जाना अस्वाभाविक तो है ही, असंभव भी है। और फिर क्षेत्रीय दलों के अलावा जातिवादी राजनीति के उभार ने समूचे परिदृश्य को बदलकर रख दिया है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर देश को भावनात्मक रूप से बांधे रखना आसान नहीं होता।

लेकिन श्री मोदी की इस बात के लिए प्रशंसा करनी होगी कि उन्होंने पूरे देश में एक सुदृढ़ नेता के रूप में अपनी छवि स्थापित की है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें नहीं हैं उनमें भी जब प्रधानमंत्री के लिए सर्वे किया जाता है तब श्री मोदी ही बाकी सबसे आगे नजर आते हैं ।

## सही करियर चुनने का महत्व सबसे जटिल है

विजय गर्ग

**कैरियर** को 'एक विशेष व्यवसाय जिसके लिए प्रशिक्षित किया जाता है' के रूप में परिभाषित किया गया है। हम इसके दूरगामी प्रभाव और इसके दायरे को समझते हैं, जितना हमने कभी महसूस किया है, उससे कहीं अधिक, बेहतर। यह परिदृश्य प्राचीन काल में स्पष्ट नहीं था, किसी को करियर की परवाह नहीं थी, हर कोई जिस भी पेशे को अपना रहा था, उससे खुश था। औद्योगीकरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था में शिक्षा के विकास ने हमें करियर के महत्व का एहसास कराया और बताया कि करियर की योजना कैसे बनाई जा सकती है। इस प्रकार, ऐसे समय में जब हम सिर्फ एक 'डॉक्टर', 'इंजीनियर' या 'वकील' होने के बारे में सोच सकते थे, 21वीं सदी में करियर की एक नई नस्ल सामने आई। अब, हमारे पास पहले से कहीं अधिक करियर विकल्प हैं और इन विकल्पों ने हमें करियर चुनने के असीमित अवसर प्रदान किए हैं। दूसरी तरफ, इतने सारे विकल्प किसी के दिमाग को परेशान करते हैं कि 'किस व्यक्ति को अपना करियर बनाना चाहिए?' संभावित उम्मीदवार की मुश्किलें बढ़ाने के लिए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विभिन्न सफलताओं ने 'नेवर हर्ड ऑफ' विशेषज्ञता और उनके परिणामी करियर की शुरूआत की है। सही करियर चुनने का महत्व सबसे जटिल है। ऐसे पेशे हैं जो 'इन डिमांड' हैं और जो 'नॉट इन डिमांड' हैं। ये 'इन डिमांड' पेशे आकर्षक हैं और उनके विरोधी समकक्ष नहीं हैं। यहां, किसी के लिए ऐसा करियर चुनना आसान हो जाता है जो स्पष्ट हो - 'इन डिमांड' वाले। हम में से अधिकांश के लिए, पैसा सबसे ज्यादा मायने रखता है जब करियर बनाने की बात आती है। हालाँकि, हममें से कुछ लोग जो करते हैं उसके बारे में भावुक होते हैं और हम अपने विश्वासों के बजाय अपनी प्रवृत्ति का पालन करते हैं। और, कुछ ऐसे भी हैं जो जेब में अधिक धन प्रदान करने वालों का अनुसरण करने की अपनी आकांक्षाओं पर अंकुश लगाएंगे। ऐसे पेशेवर उतने सफल नहीं हो सकते जितने होने चाहिए, वे उतने कुशल नहीं हो सकते जितने कि उनके काम के लिए जरूरी हैं और यदि वे सफलता प्राप्त करते हैं, तो यह उनकी वास्तविक आकांक्षाओं की कीमत पर हासिल की जाती है। फिर हममें से कुछ ऐसे हैं जो असमंजस की स्थिति में हैं कि कौन सा करियर चुनें?

## न्यूज फ्लैश

### एसएमएसआर और शारदा अस्पताल द्वारा विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस बनाया गया

**ग्रेटर नोएडा** – स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एसएमएसआर) के आपातकालीन चिकित्सा विभाग ने शारदा अस्पताल के सहयोग से "आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता" विषय के तहत विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में आपातकालीन देखभाल के बारे में जागरूकता बढ़ाने और साथ ही जीवन रक्षक कौशल को उत्पन्न करने के प्रयास के तहत विभन्न गतिविधियां प्रस्तुत की गई।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पोस्टर प्रस्तुति रही, जहां आपातकालीन चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञों ने आपातकालीन देखभाल और तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालने वाले सूचनात्मक पोस्टर प्रदर्शित किए। इन पोस्टर के माध्यम से उपस्थित लोगों को आपातकालीन प्रतिक्रिया पर आवश्यक जानकारी और दिशानिर्देश कार्य करने की सुचना प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त, बेसिक लाइफ सपोर्ट (बी.एल.एस) तकनीकों के बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से दशार्या गया कि, कार्डिएक अरेस्ट (हृदय गति रुकने) की स्थिति में छाती को दबाना, सांस लेने की कृत्रिम विधि (सीपीआर) अन्य तकनीकों को सीखकर जीवन को कैसे बचाया जा सकता है।

डॉ. ए.के. गडपयेले, चिकित्सा अधीक्षक, शारदा अस्पताल ने भी इस आयोजन के महत्व पर जोर देते हुए कहा, "इस सहयोगात्मक प्रयास के माध्यम से, हमारा उद्देश्य जनता को शिक्षित करके और अपने कर्मचारियों और छात्रों को आवश्यक आपातकालीन देखभाल प्रशिक्षण प्रदान करके एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। हमारा

मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, और यह आयोजन हमारे समुदाय की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता देने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।" एसएमएसआर में आपातकालीन चिकित्सा विभाग की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने इस आयोजन के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "विश्व आपातकालीन चिकित्सा दिवस आपातकालीन देखभाल और तैयारियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है।

### प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया

**हिसार।** आकाश बायजूस द्वारा हिसार में प्रेरक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 1500 से अधिक छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के वक्ता श्री परमेश्वर झा, रीजनल डायरेक्टर , आकाश बायजू'स थे, जिन्होंने छात्रों को एक उत्साहजनक और प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि छात्रों को अपनी तैयारी के प्रति कितना प्रतिबद्ध होना चाहिए और कैसे रचनात्मक बदलाव किसी को उज्जवल और अधिक सफल बना सकते हैं। एम्स, आईआईटी आदि जैसे शीर्ष प्रतिष्ठित कॉलेजों से मेडिकल और इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने वाले 50 से अधिक आकाशीय पूर्व छात्रों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। श्री झा ने एनईईटी और आईआईटी जेईई को क्रैक करने के लिए छात्रों को प्रेरित और निर्देशित किया और कैसे उचित मार्गदर्शन, सलाह, स्वाध्याय और माता-पिता, शिक्षकों और अंतत: भगवान के आशीर्वाद के साथ, कोई भी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर भी प्रकाश डाला कि टॉपर्स और सफल छात्र दूरस्थ स्थानों और स्थानों से भी आ सकते हैं और इसके लिए बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है।

### 62% छोटे व्यवसाय व्यवसाय को बढ़ाने के लिए वेबसाइट, ऑनलाइन स्टोर का उपयोग करते हैं

**नई दिल्ली: उद्यमियों** को फलने-फूलने में मदद करने वाली कंपनी GoDaddy ने अपनी डेटा वेधशाला से GoDaddy 2023 सर्वेक्षण के निष्कर्ष जारी किए। GoDaddy सर्वेक्षण भारत सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छोटे व्यवसायों की वर्तमान स्थिति की जांच करता है, जिसमें पहला सेट इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि उद्यमी और छोटे व्यवसाय के मालिक अपने व्यवसाय कैसे चलाते हैं। वैश्विक स्तर पर, सर्वेक्षण में शामिल 46% छोटे व्यवसायों ने पिछले 1-5 वर्षों में लॉन्च होने की सूचना दी, जबकि इसी अवधि के दौरान भारत में 55% छोटे व्यवसायों की शुरूआत हुई। सर्वेक्षण से पता चला है कि पिछले 5 वर्षों में 83% भारतीय छोटे व्यवसायों ने ऑनलाइन बिक्री शुरू कर दी है। भारतीय छोटे व्यवसायों के ऑनलाइन कार्यों में सोशल मीडिया प्रोफाइल (35%), ऑनलाइन विज्ञापन (34%) और संभावित ग्राहकों के साथ व्यक्तिगत संपर्क (33%) शामिल हैं। ) कारोबार शुरू करने में सबसे ज्यादा सक्रिय हैं। GoDaddy के डेटा ऑब्जर्वेटरी ने पाया कि उद्यमियों ने ऑनलाइन उपस्थिति के महत्व को स्वीकार कर लिया है। विश्व स्तर पर सर्वेक्षण किए गए 64% छोटे व्यवसाय मालिकों ने कहा कि वे अपने वार्षिक राजस्व का आधा हिस्सा ऑनलाइन बिक्री चैनलों से उत्पन्न करते हैं, और 37% ने कहा कि वे अपने राजस्व का 51-100% राजस्व से उत्पन्न करते हैं। ऑनलाइन बिक्री चैनल। .और 61% विश्व स्तर पर एक वेबसाइट या ऑनलाइन स्टोर या बिक्री चैनल के रूप में इनके संयोजन का उपयोग करके रिपोर्ट किया गया।

# पौधारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

## विश्व पर्यावरण दिवस पर माइनर के नजदीक व कई अन्य जगह रोपित किये पौधे

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**विश्व पर्यावरण** को लेकर झज्जर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष व नगर पार्षद एडवोकेट डा. नीना सतपाल राठी ने वार्ड-30 के साथ से होकर गुजर रही बहादुरगढ़ माइनर किनारे व अपने कार्यालय के आसपास छायादार व फलदार 51 पौधे रोपित किये और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। साथ में आमजन को अधिक से अधिक पौधे रोपित करने के प्रति जागरूक किया और उनकी समय-समय पर देखभाल करने का आह्वान भी किया। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं नगर पार्षद



एडवोकेट डा. नीना सतपाल राठी ने पौध रोपण करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए क्योंकि स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण के बिना समाज की कल्पना भी अधूरी है।उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर कहा कि पेड़ ही हमें जीवन देते हैं और पेड़ों से ही हमें ऑक्सीजन प्राप्त होता है। वृक्षारोपण केवल मानव जीवन के लिए ही नहीं बल्कि जीव-जंतुओं के जीवन को भी खुशहाल बनाता है। उन्होंने कहा कि कहा कि आने वाली पीढियों के लिए स्वच्छ वातावरण दिया जा सके। इसलिए वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तेजी से बढ़ते हुए औद्योगिकरण, शहरीकरण, वाहनों में वृद्धि, ध्वनि व जल प्रदूषण आदि पर्यावरण प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि मनुष्य को आर्थिक उन्नति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक उन्नति का उद्देश्य बिना पर्यावरण के नुकसान के विकास की धारणा होनी चाहिए जिससे विकास की गति भी न रुके और प्राकृतिक संतुलन को भी बनाए रखा जा सके। यह तभी संभव हो सकेगा जब हर मनुष्य पर्यावरण की महत्ता को समझें। उन्होंने हा कि पर्यावरण का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये हरे-भरे पेड़ पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। डा. नीना सतपाल राठी ने कहा कि भाजपा सरकार भी पर्यावरण व जल संरक्षण को ध्यान रखते हुए जागरूकता कार्यक्रम भी चला रही है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रति भी हमें ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। पानी की महत्ता को समझते हुए उसकी व्यर्थ में बर्बादी न करें बल्कि जल का सदुपयोग करें।

## चुनौती: 9 एकड़ में जमा हुआ 2.5 लाख टन लिगेसी वेस्ट



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। नौ** एक में 2.5 लाख लिगेसी वेस्ट का पहाड़ बन चुका है। नगर निगम के सामने इसके निस्तारण की चुनौती है। महानगर की नई सरकार ने शपथ ग्रहण के बाद कामकाज शुरू कर दिया है। महापौर ने सबसे पहले ध्यान वेस्ट मैनेजमेंट पर दिया है। नगर निगम मथुरा वृंदावन के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट पर कई वर्षों से एकत्रित 9 एकड़ में फैले लगभग 2.5 लाख लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के लिए प्लांट का शुभारंभ महापौर विनोद अग्रवाल ने किया। कचरे के निस्तारण के लिए नगर निगम द्वारा अप्रैल में टेंडर किया था। टेंडर के उपरांत फर्म दया चरण एंड कंपनी के साथ अनुबंध किया गया है। कार्यदायी संस्था के द्वारा लगभग 1500 टन प्रतिदिन सॉलिड वेस्ट निस्तारण की क्षमता का प्लांट स्थापित कराया जाएगा। कचरे के निस्तारण के लिए एक वर्ष का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## एसडीएम व चेयरपर्सन सरोज राठी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**विश्व** पर्यावरण दिवस पर आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र स्थित दमकल केंद्र भवन में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में एसडीएम अनिल कुमार यादव ,नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी, वेटरन एयर वारियर्स एसोसिएशन, क्लीन एंड ग्रीन एसोसिएशन , कोब, उद्योगपतियों व दमकल केन्द्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। दमकल केंद्र व एमआईई में सफाई अभियान चलाने के उपरांत एसडीएम अनिल कुमार यादव व नगर परिषद चेयरपर्सन द्वारा दमकल केंद्र के भवन में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अनिल कुमार यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार स्वच्छ हरियाणा -स्वस्थ



हरियाणा अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आमजन को चाहिए कि वह भी स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग ले। उन्होंने कहा कि समय-समय पर औद्योगिक क्षेत्र सहित बहादुरगढ़ के अन्य क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कार्य किया जाता है तथा लोगों को अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया जाता है।

## ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष

**मथुरा। जिला** पंचायत अध्यक्ष चैधरी किशन सिंह ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर रहे हैं। वह लगातार अपने कार्यालय पर जनता चौपाल का आयोजन कर रहे हैं वहीं गांवों में पहुंच कर लोगों से बात कर रहे हैं जिससे उनकी मूल समस्याओं को समझा जा सके और उनका समाधान किया जा सके। जिला पंचायत अध्यक्ष ने जिला पंचायत निधि से बनी सीसी सड़क एवं ईंट खरंजा कार्य का लोकार्पण किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा ग्रामीण अंचलों के विकास को कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ग्राम नगरी में पहुंचे और हरमुख इंटर कॉलेज से रामपुर मोड की ओर सीसी निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

## सरस्वती धाम कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा सरस्वती धाम को: धुमन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) हरियाणा**
सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के सौजन्य से सरस्वती धाम क्षेत्र को विकसित करने में लगी हुई है। आज इसी कड़ी के अंतर्गत जिला यमुनानगर के गांव मिल्क माजरा में सरस्वती नदी के तट पर रिवर फ्रंट बनाने के कार्य का शिलान्यास किया गया व सरस्वती धाम पर रिवर फ्रंट बनाने की संभावनाओं को तलाशा गया। उपाध्यक्ष धुमन सिंह ने कहा कि बिलासपुर आजाद आश्रम से लेकर सरस्वती धाम तक के 20



किलोमीटर के क्षेत्र को सरस्वती धाम कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। सरस्वती धाम कॉरिडोर बनने से क्षेत्र में पर्यटन व धार्मिक गतिविधियों को अत्याधिक बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय नागरिकों के रोजगार व व्यवसाय में भी वृद्धि होगी। सरस्वती धाम पर रिवरफ्रंट बनाने के साथ-साथ बोटिंग की गतिविधियां व एम्यूजमेंट पार्क का निर्माण भी किया जाएगा। यहां आने जाने वाले युवाओं, बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों की सुविधा के लिए ट्रैक का निर्माण भी किया जाएगा, यहां पर आकर्षक लाइटिंग सिस्टम भी लगाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपए की लागत आएगी व इसे आगामी 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा।

# रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने पर्यावरण दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**विश्व पर्यावरण** दिवस के अंतर्गत वर्ष-2023 के विषय प्लास्टिक पॉल्यूशन के समाधान को केन्द्रित करते हुए तथा साथ ही पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन बड़े उत्साहपूर्वक एवं सार्थक ढंग से किया गया । इस अवसर पर पीआरपीसी से एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, पीआरपीसी, मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, अधिकारी एसोशिएशन तथा कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधिगण



विशेष रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरूआत एम एल डहरिया द्वारा ह्लपर्यावरण के लिए जीवन शैलीह्व की शपथ दिलवाकर हुई। तत्पश्चात, एस एम वैद्य, अध्यक्ष, इंडियन ऑयल के द्वारा दिये गए संदेश को मुकुल अग्रवाल, मुख्य-महाप्रबंधक ने, व शुक्ला मिस्त्री, निदेशक के द्वारा दिये गए संदेश को सुधांशु शेखर, मुख्य-महाप्रबंधक , पीएनसी ने पढ़ा तथा संदेश में वर्णित उनके विचारों से सभी को अवगत कराया।
कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन मे एम एल डहरिया ने इस दिवस के उद्देश्य तथा विषय ह्लप्लास्टिक पॉल्यूशन के समाधानह्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि संसाधनों का दुरुपयोग तथा अत्यधिक दोहन जारी रहा और विशेषकर कार्बन उत्सर्जन कम करने पर कार्य नहीं किया गया तो यह पर्यावरण के लिए बहुत विनाशकारी होगा। पृथ्वी के संसाधनों को हमारी अगली पीढ़ी को जिस रूप में हमें अपनी पिछली पीढ़ी से मिला है को हस्तांतरित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है।
उन्होने आगे कहा कि प्लास्टिक हमारी दैनिक जीवन यूं तो हिस्सा है लेकिन हमें एकल प्लास्टिक प्रयोग बिलकुल नहीं करना है क्योंकि इसका उपयोग पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या पैदा करता है ।
उन्होने प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि पीआरपीसी ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में कार्बन के साथ-साथ वाटर फुट प्रिंट में कमी के लिए विभिन्न उपायों को अपनाया है जोकि कारगार सिद्ध हो रहें हैं। इस अवसर पर पीआरपीसी में विभिन्न तरह के 50 पौधे भी लगाए गए।

## वी ने लॉन्च किए नए अनलिमिटेड नाईट डेटा पैक- 'वी छोटा हीरो'

**गुरुग्राम।** नाईट बिंज डेटा पैक लाने वाला एक मात्रा दूरसंचार सेवा प्रदाता वी रु 17 और रु 57 के दो नए पैक लेकर आया है जिसके द्वारा यूजर मध्यरात्रि से लेकर सुबह 6 बजे तक बिना किसी लिमिट के रात भर नाईट बिंज का लुत्फ उठा सकते हैं आज की डिजिटल दुनिया में मोबाइल इंटरनेट रोजाना के हर काम के लिए जरूरी हो गया है फिर चाहे आपको काम करना हो या एंटरटेनमेन्ट का लुत्फ उठाना हो। काम के हाइब्रिड तरीकों, कंटेंट के लगातार उपयोग, सोशल चैट और सर्फिंग, इमर्सिव गेमिंग- इन सब के बीच प्रीपेड उपभोक्ताओं को अक्सर यही चिंता सताती रहती है कि उनका डेटा कोटा कहीं खत्म न हो जाए। समाज के निम्नतम वर्ग के यूजर अक्सर अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए भी डेटा एक्सेस के लिए जूझ रहे होते हैं। डेटा की इन्हीं जरूरतों को पूरा करने और समाज के सभी वर्गों के लिए डेटा एक्सेस को एक समान बनाने के प्रयास में अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने दो नए अनलिमिटेड नाईट डेटा पैक्स वी छोटा हीरो पैक्स के लॉन्च के साथ अपने हीरो प्रोपोजिशन का विस्तार किया है। ये पैक प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिनके द्वारा वे मध्यरात्रि से सुबह 6 बजे तक रात भर बिंज कर सकते हैं। वे मात्र रु 17 में एक दिन के लिए और रु 57 में 7 दिनों के लिए नाईट बिंज का लाभ उठा सकते हैं। इस अनूठी पहल के माध्यम से वी समाज के निम्नतम वर्ग को अनलिमिटेड डेटा एक्सेस की उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा दूरसंचार सेवा प्रदाता बनना चाहता है। ये पैक खासतौर पर कॉलेज/ हॉस्टल के छात्रों और उन युवाओं के लिए डिजाइन किए गए हैं।

## पीआरपीसी में आपदा ड्रिल का अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स द्वारा आग एवं गैस जैसे खतरे से निपटने के लिए नेफ्था क्रैकर संयंत्र में विभिन्न विभागों के द्वारा हाइड्रोकार्बन गैस के खतरे से निपटने की तैयारियों के सही आकलन करने हेतु एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस ड्रिल के परिदृश्य में पी. पी. यूनिट के कॉलम 21-सी-1702 के आउटलेट लाइन में छिद्र होने से हाइड्रोकार्बन गैस के रिसाव को दशार्या गया था। सुबह 00:08 बजे कॉलम 21- सी -1702 आउटलेट स्ट्रीम के पाइपलाइन से हाइड्रोकार्बन गैस का रिसाव होना शुरू हुआ और थोड़ी देर बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 00:14 बजे अग्नि एंव सुरक्षा प्रभारी ने मुख्य सुरक्षा प्रबन्धक से चर्चा करके आपातकालीन सायरन बजाने का आदेश दिया।

## भाजपा ने हरियाणा को हरा-भरा करने का शुरू किया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम।**
**पर्यावरण संरक्षण** विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से सोमवार से अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर पूरे हरियाणा में पौधारोपण करने का कार्य शुरू कर दिया गया। विभाग प्रमुख नवीन गोयल ने गुरुग्राम में पौधारोपण करके रेवाड़ी पहुंचे। वहां पर आरएसएस पब्लिक स्कूल बालधन कलां में कोसली के विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, रेवाड़ी जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर नवीन गोयल ने



कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना वाला भारतीय जनता पार्टी पहला राजनीतिक संगठन है। इससे पहले किसी ने भी इस विषय पर ना तो सोचा और ना ही जमीनी स्तर पर काम करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व सांसद एवं केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में विभाग पर्यावरण को संरक्षित करने का काम कर रहा है। पर्यावरण संरक्षण विभाग दो साल से हरियाणा को हरा-भरा करके पर्यावरण की स्वच्छता के लिए काम कर रहा है। लाखों पेड़-पौधे अब तक कार्यकताओं द्वारा लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा की ओर से सभी 90 हल्कों में जाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया जाएगा। इसकी शुरूआत बालधन कलां गांव से हो चुकी है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों व स्कूल के बच्चों से साल में दो-चार पौधे लगाकर उनका परिवार के सदस्यों की तरह पालन पोषण करने के लिए आग्रह किया गया।

# युवा कांग्रेस हरियाणा ने 2024 के चुनाव को लेकर कसी कमर

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत के** ब्राइट सीनियर सैकेंडरी स्कूल में युवा कांग्रेस हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एवं लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक मे युवा कांग्रेस प्रभारी सीवी चौहान ने भी पहुंचकर युवाओं को 2024 के चुनाव को लेकर कमर कसने का संदेश दिया। युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने प्रदेश प्रभारी सीवी चौहान व प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा का सोनीपत पहुंचे पर फूलमालाओं के साथ स्वागत



किया।
प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने प्रदेशकार्यकारिणी की बैठक के दौरान वर्ष 2024 में आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर युवा कांग्रेस के लिए एक खाका तैयार किया। उन्होंने युवाओं को प्रदेश के कौने-कौने में पहुंचकर उस रोडमेप के अनुसार कार्य करने के लिए संदेश दिया। बैठक के दौरान बूथ जोड़ो यूथ जोड़ो अभियान के बारे में युवाओं को विस्तार से बताया गया। इस अभियान के तहत प्रत्येक बूथ से पांच नौजवानों को जोड़ा जाएगा। किस तरह प्रत्येक युवा पदाधिकारी को उसके क्षेत्र में कार्य करना है, इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि आज युवा बेरोजगारी की वजह से दिशा भटक रहा है। लेकिन भाजपा सरकार कुम्भकरणी नींद सो रही है। युवाओं को रोजगार देने की बात दूर रही, उनके साथ बर्बरतापूर्वक व्यावहार किया जा रहा है। बेरोजगारी व भर्तियों धांधली के खिलाफ जल्द ही युवा कांग्रेस बड़े आंदोलन करेगी। जब तक युवाओं का हक नहीं मिलेगा तब तक युवा कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे विकास साई ने बताया कि आज युवा कांग्रेस प्रदेश के युवाओं की आवाज बुलंद करने में कतई कसर नहीं छोड़ रही है। युवा टीम हर मोर्चें पर युवाओं के साथ खड़ी है। युवा जिलाध्यक्ष शहरी ललित पंवार ने कहा कि युवा कांग्रेस युवाओं के हकों के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने में कभी नहीं चूकती। कई बार युवाओं के संघर्ष को रौंदने का कार्य किया जाता है, लेकिन प्रदेश का युवा इतना मजबूत है कि वह बैखोफ होकर युवाओं के हकों के लिए हमेशा अग्रसर रहता है। इस दौरान सह प्रभारी सत्यवान गहलोत, युवा अध्यक्ष रवि दहिया सहित अन्य पदाधिकारिगण मौजूद रहे।

# पर्यावरण दिवस पर बेटी के नेतृत्व में पीपल का पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत

**8 -मैन देवेंद्र सूरा ने बताया कि सोमवार को गांव किलोहड़द गांव में स्टेडिय के बाहर पौधारोपण अभियान चलाया**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विश्व** पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण परिवार की तरफ से पौधारोपण अभियान की शुरूआत की। अभियान के तहत गांव किलोहड़द में बेटी के नेतृत्व में पीपल का पौधारोपित करके अभियान की शुरूआत की। बेटी के हाथों से पौधारोपण करके ग्रामीणों ने पौधे रोपित किए। गांव



में शुरू हुई मुहिम में ग्रामीणों का सहयोग रहा। गांव के सरपंच सतीश राठी ने पर्यावरण मित्रों द्वारा शुरू किए अभियान को सहरानीय कार्य बताते हुए भविष्य में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने की बात कही। ट्री-मैन देवेंद्र सूरा ने बताया कि सोमवार को गांव किलोहड़द गांव में स्टेडिय के बाहर पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ग्राउंड में पीपल, बरगद, नीम, जामुन सहित अन्य औषधी युक्त पौधे रोपित किए। पौधारोपण अभियान में गांव की महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 06 जून 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## न्यूज फ्लैश

### डफरिन अस्पताल में भरा दूषित पानी, बीमारी को दे रहा दावत

**कानपुर:** जिला महिला अस्पताल डफरिन में स्वच्छता के तामाम दावे किये जाते हैं और संक्रमण को बचाने के लिए कागजों पर दवाओं का छिड़काव भी हो जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। यहां के परिसर में करीब चार दिन से मैनहोल का दूषित पानी भरा हुआ है, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सुध नहीं ले रहे है, जबकि वह प्रतिदिन इसी मार्ग से ही अपने कार्यालय आते-जाते हैं। पूरे प्रदेश में एक ओर जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। वहीं, डफरिन अस्पताल के गेट से अंदर घुसते ही मैनहोल का दूषित पानी उफनाता नजर आ रहा है। गंदा पानी परिसर में करीब चार दिन से फैला है। जिसमें मच्छर पनप रहे हैं और दूषित पानी होने की वजह से अस्पताल में नवजात शिशु, उनकी मां और आने वाली गर्भवती महिलाओं में संक्रमण फैलने की आशंका है। वहीं, दुर्गंध आने से लोग पास से मुंह में कपड़ा डालकर निकलने को मजबूर हो रहे हैं। जानकारी के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कर्मचारियों व तीमारदारों को अपनी बाइकें स्टैंड में खड़ी करने के लिए गंदे पानी से होकर जाना पड़ रहा है। प्रमुख अधीक्षक प्रमुख अधीक्षक डॉ.सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मचारियों को सफाई के निर्देश दिए गए है, जल्द ही परिसर में भरा दूषित पानी साफ हो जाएगा।

### पौधों से करें धरती का श्रंगार : जिलाधिकारी

**बागपत:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने पौधा लगाया। उन्होंने कहा कि पौधों से धरती का श्रृगार करने से ही हमारे जीवन को विषैला होने से बचाया जा सकता है। जिलाधिकारी सोमवार को खेकड़ा के एक प्राईवेट स्कूल में पौधा रोपन करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने मौलश्री नामक पौधा लगाकर जनपद वासियों को पौधा लगाने का संदेश दिया और पर्यावरण की शपथ दिलाई। उन्होंने प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गणों को पौधे वितरित किए गये। पुलिस लाईन में पुलिस अधीक्षक अर्पीत विजयवर्गीय व अपर पुलिस अधीक्षक ने पौधा लगाया और विश्व प्रर्यावरण की शुभाकामनाए दी।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम एल व्यास, प्रभागीय वन अधिकारी हेमंत कुमार सेठ, एसडीएम खेकड़ा ज्योति शर्मा , पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रीता ,जिला युवा अधिकारी अरुण तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन मैत्री, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव, जिला उद्यान अधिकारी अरुण व दिनेश सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# रेलवे को सुरक्षित बनाने का मिशन

## यूपीए के आखिरी 9 साल में 1,477 रेल हादसे; मोदी के 9 वर्ष में 638 रह गए

### आधुनिक बनाने पर जोर

**यूपीए सरकार के आखिरी वर्ष 2013-14 में 118 रेल हादसे हुए थे। इन हादसों में 152 लोगों की मौत हुई थी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ओडिशा** रेल हादसे के बाद से विपक्षी दल केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। लेकिन, आंकड़ों की मानें तो यूपीए सरकार के आखिरी 9 साल में 1,477 रेल हादसे हुए थे। 2005-06 से 2013-14 के बीच हुए इन हादसों में 2,217 लोगों की जान गईं थी। इसकी तुलना में मोदी सरकार के 9 साल में सिर्फ 638 रेल हादसे हुए। 2014-15 से 2022-23 तक हुए इन हादसों में 781 लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार को हुए बालासोर हादसे में मारे गए 288 लोग इसमें शामिल नहीं हैं। यूपीए सरकार के आखिरी वर्ष 2013-14 में 118 रेल हादसे हुए थे। इन हादसों में 152 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, 2022-23 में ऐसी दुर्घटनाएं 48 पर आ गई। इनमें 8 लोगों की मौत हुई थी। रेल के पटरी से उतरने के 2013-14 में 53 मामले आए थे, जो 2022-23 में घटकर 36 पर आ गए। 20 सितंबर 2010 को मध्यप्रदेश के शिवपुरी में एक मालगाड़ी ने पैसेंजर ट्रेन को टक्कर मार दी थी, जिसमें 23 लोगों की मौत हुई थी। तब ममता बनर्जी रेल मंत्री थीं। मोदी सरकार के आने के बाद रेलवे ने लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने का काम मिशन मोड पर चलाया है। देश में ब्रॉडगेज रूट पर पड़ने वाले सभी मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को समाप्त कर दिया गया है।वहीं, 2014-22 के बीच सालाना 676 मैन्ड लेवल क्रॉसिंग बंद किए जबकि वढअ सरकार ने हर साल 199 ही खत्म किए थे। 2014-2022 के बीच हर साल 1,225 रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज बने थे, जो यूपीए के 2009-2014 तक के कार्यकाल के हर साल बनने वाले 763 से 61% ज्यादा है।

2 अगस्त 1999 को असम के गुवाहाटी के पास गैसल में ब्रह्मपुत्र मेल ने स्टेशन पर खड़ी असम एक्सप्रेस को टक्कर मार दी थी। हादसे में 290 लोगों की मौत हुई थी। रेल मंत्री नीतीश कुमार ने नैतिक आधार पर पद से इस्तीफा दे दिया था।

2 अगस्त 1999 को असम के गुवाहाटी के पास गैसल में ब्रह्मपुत्र मेल ने स्टेशन पर खड़ी असम एक्सप्रेस को टक्कर मार दी थी। हादसे में 290 लोगों की मौत हुई थी। रेल मंत्री नीतीश कुमार ने नैतिक आधार पर पद से इस्तीफा दे दिया था।

**इलेक्ट्रिफिकेशन: 33% से बढ़ाकर 90% किया**
2014 से पहले देश में 33% रेलवे का इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ था।

### बजट: रेलवे को 9 गुना ज्यादा पैसा आवंटित

**सरकार** ने 2023-24 में रेलवे के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपए का बजट रखा है। जो यूपीए सरकार के 2013-14 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है। 2014 के बाद से ही सरकार नई लाइनों और गेज परिवर्तन को ज्यादा तवज्जो दे रही है। यूपीए सरकार का 2009-14 को बीच के औसत वार्षिक बजट परिव्यय (11,527 करोड़ सालाना) से 2022-23 में 481% ज्यादा (67,001 करोड़) रखा गया था।

## बचाव दल ने बर्फ में दबी महिला का शव निकाला..




**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**सिख** धर्म के प्रमुख तीर्थ में से एक हेमकुंड साहिब रूट पर बर्फ की चट्टान टूट कर गिरी। यह घटना हेमकुंड साहिब से एक किलोमीटर पहले अटलकोटी में हुई। जहां ग्लेशियर का टुकड़ा टूटने के बाद उसमें 6 श्रद्धालु फंस गए थे। ये सभी दर्शन करके लौट रहे थे। 6 में से 5 लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने बचा लिया था। जवानों ने रात भर एक लापता महिला की तलाश की, लेकिन उसे खोज नहीं सके। टीम ने सोमवार सुबह बर्फ में दबा हुआ महिला का शव बरामद किया।

उत्तराखंड के इस तीर्थ में 4 जून तक 8,551 लोग दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने जारी किया। वहीं चारधाम यात्रा में यह आंकड़ा 20 लाख को पार कर गया है। अभी करीब 20 लाख लोग रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं, जिन्हें यात्रा का इंतजार है।

## पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप को सुप्रीम राहत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट ने** उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया को 2021 में बम से उड़ाने की साजिश रचने और व्यवसायी मनसुख हिरेन की हत्या के आरोपित और पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को राहत दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने प्रदीप शर्मा को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदीप शर्मा को बीमार पत्नी से मिलने के लिए अंतरिम जमानत दी है। 29 मई को कोर्ट ने अंतरिम जमानत के लिए अलग से अर्जी दाखिल करने की मांग को स्वीकार कर ली थी। प्रदीप शर्मा की ओर से कहा गया कि इस मामले में वह दो सालों से जेल में बंद हैं। याचिकाकर्ता की पत्नी का 2015 में गैस्ट्रिक बाइपास सर्जरी के लिए ऑपरेशन किया गया था। अभी उनको गंभीर समस्या है उनका वजन 6 किलो कम हो गया है। शर्मा की ओर से मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत देने की मांग की गई। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने कहा कि प्रदीप शर्मा की पत्नी नियमित रूप से अस्पताल में उनसे मिलने आती रही हैं। मेरे पास इसका रिकॉर्ड भी हैं। तब कोर्ट ने पूछा कि अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की मांग वाली अर्जी में आप अंतरिम जमानत कैसे ले सकते हैं। आपकी अर्जी में अंतरिम जमानत के लिए कोई प्रार्थना नहीं है। कोर्ट ने कहा कि आप अंतरिम जमानत के लिए उचित आवेदन दाखिल करें। दरअसल 23 जनवरी को बांबे हाई कोर्ट ने शर्मा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसको उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। प्रदीप शर्मा को मुंबई की स्पेशल एनआईए कोर्ट भी जमानत देने से इनकार कर चुका है, जिसको बांबे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया को फरवरी 2021 में बम से उड़ाने की घटना की जांच कर रही एनआईए का आरोप है कि प्रदीप शर्मा उस गिरोह के सक्रिय सदस्य थे, जिसने अंबानी सहित अन्य को डराने की साजिश रची थी।

### जमानत

**जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने प्रदीप शर्मा को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी**

## नग्नता और अश्लीलता में है अंतर: केरल हाईकोर्ट

### सेमी न्यूड फोटो केस में केरल हाईकोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता रेहाना फातिमा को दी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/केरल**
**केरल** उच्च न्यायालय ने सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता रेहाना फातिमा को राहत दी है। केरल हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट मामले में उन्हें बरी करते हुए कहा कि हमारे समाज में किसी भी व्यक्ति को अपने शरीर पर स्वायत्तता का अधिकार है।
**क्यों हुआ मुकदमा दर्ज:** बता दें कि कुछ महीनों पहले रेहाना सुर्खियों में आ गईं थी। उन्होंने अर्ध नग्न शरीर (सेमी न्यूड) होकर अपने नाबालिग बेटे और बेटी से अपनी शरीर पर पेटिंग बनवाई थी। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर की गई। इसके बाद उनके खिलाफ पोस्को, किशोर न्याय और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।




**रेहाना ने अपने शरीर को केवल कैनवास के रूप में इस्तेमाल किया:** न्यायमूर्ति कौसर एडप्पागथ ने कहा, यह अनुमान लगाना संभव नहीं है कि उन्होंने अपने बच्चों का उपयोग किसी यौन कृत्यों के लिए किया था। अदालत ने कहा कि उन्होंने केवल अपने शरीर को कैनवास के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति दी, ताकि उनके बच्चे पेंटिंग कर सकें। एक महिला अपने शरीर के बारे में स्वायत्त निर्णय ले सकती हैं । यह संविधान के अनुच्छेद 21 द्वारा हर व्यक्ति को स्वतंत्रता दी गई है।" न्यायमूर्ति एडप्पागथ ने कहा कि एक कला परियोजना के रूप में अपने ही बच्चों द्वारा एक मां के ऊपरी शरीर पर पेंटिंग को यौन क्रिया के रूप में चित्रित नहीं किया जा सकता है और न ही यह कहा जा सकता है कि यह किसी यौन संतुष्टि के उद्देश्य से किया गया था।

## कर्नाटक का बजट 7 जुलाई को आएगा

**टीम एक्शन इंडिया/दावणगेरे**
**चालू वित्त** वर्ष के भीतर सभी पांच चुनावी गारंटी को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि राज्य का बजट 7 जुलाई को पेश किया जाएगा, क्योंकि सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि सरकार आवश्यक धन कैसे आवंटित करेगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक कैबिनेट में अभी बजट पर चर्चा नहीं हुई है, लेकिन विधानसभा सत्र 3 जुलाई से शुरू होगा और बजट 7 जुलाई को पेश किया जाएगा। सिद्धरमैया ने कहा, "हम अपने घोषणापत्र के वादों को पेश करने के लिए 7 जुलाई को बजट सत्र बुलाएंगे।"

## मासूम को जमीन पर पटक-पटककर पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/कांकेर**
**छत्तीसगढ़** के कांकेर जिले में स्थित शिवनगर दत्तक ग्रहण केंद्र में मासूम बच्चों की पिटाई के मामले में आरोपी महिला सीमा द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किशोर न्याय अधिनियम, और एसटी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ है। तत्कालीन महिला एवं बाल विकास अधिकारी चन्द्र शेखर मिश्रा को सस्पेंड किया गया है। बाल संरक्षण अधिकारी रीना लारिया को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है। शिवनगर दत्तक ग्रहण केंद्र का एक वीडियो सामने सामने आया था। जिसमें यहां की प्रोग्राम मैनेजर सीमा द्विवेदी क्रूरता से मासूमों को पीटती दिखाई दे रही है। वीडियो में महिला पहले एक बच्चे की पिटाई करती है, और फिर दूसरी बच्ची को भी पीटने लगती है। बताया जा रहा है ये घटना कुछ महीने पहले की है। सामने आए वीडियो में दिख रहा है सीमा द्विवेदी ने बच्ची को पहले हाथ से मारा फिर बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। जमीन पर गिरी बच्ची को दोबारा खड़ा किया और फिर बांह पकड़कर पलंग पर पटक दिया।









**परिंदों का बसेरा** दिल्ली के 32 वर्ग किलोमीटर के दायरे में 30 प्रजातियों के वन्यजीवों की संख्या लगातार बढ़ रही

## अरावली की पहाड़ियों में बढ़ी वन्यजीवों की आबादी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अरावली** की पर्वत शृंखला में खनन पर लगी पाबंदी से वन्यजीवों की आबादी बढ़ने लगी है। बीते करीब 25 साल से दिल्ली के 32 वर्ग किलोमीटर के दायरे में तेंदुएं, हिरण, गिद्धों सहित करीब 30 प्रजातियों के वन्यजीवों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वन्यजीवों के संरक्षण के लिए जरूरी है कि हरियाली को बढ़ावा देने के साथ-साथ अभ्यारण्य से दूर निर्माण गतिविधियां हो। इससे हरियाली और वन्यजीवों के लिए बेहतर पर्यावरण संतुलन भी रहेगा। अरावली पर्वत शृंखला में असोला भाटी वाइल्डलाइफ सेंचुरी हैं। करीब 32 वर्ग किलोमीटर के दायरे में जंगल और रिज क्षेत्र हैं। वन्यजीवों को माकूल माहौल मिलने से उनकी संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। इस क्षेत्र में 30 से अधिक वन्यजीवों समेत 250 से अधिक प्रजातियों का बसेरा है। हर साल प्रवासी पक्षी भी यहां आते हैं। कंजर्वेशन एजुकेशन सेंटर (बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी) के असिस्टेंट डायरेक्ट सुहैल मदान के मुताबिक अरावली क्षेत्र में खनन पर पाबंदी लगाए जाने के बाद वन्यजीवों की तादाद बढ़ने लगी है। उन्हें रहने के लिए माकूल माहौल मिले तो संख्या में और भी बढ़ोतरी हो सकती है। अगर वन क्षेत्र कम होंगे तो इससे पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ेगा।



### इंसान को काटने के बाद सांप हो जाते हैं कई गुना अधिक भूखे

**अभ्यारण्य** में सांपों की कई प्रजातियां भी रहती हैं। प्रो. मदान के मुताबिक सांपों से भले ही लोगों में डर हैं, लेकिन उन्हें जब तक छेड़ा नहीं जाए काटते नहीं है। किसी भी जीव जंतु को को काटने के बाद सांप के विष निकलने पर उसके शरीर में करीब दो हफ्ते की भूख जागृत हो जाती है। अगर किसी व्यक्ति को सांप काट ले तो विष छोड़ने के बाद निगल नहीं सकता है। ऐसे में किसी इंसान को अगर सांप काट लेते हैं तो उसकी भूख कई गुना बढ़ जाती है। अगर उसे लंबे समय तक खाना नहीं मिले तो सांप मर भी सकता है। चूहा या दूसरे जीवों को काटने के बाद उसे भोजन के तौर पर निगल लेता है। इससे भूख की भरपाई होती है।

### वन है तो जीवन है....

**वन्यजीवों के संरक्षण के लिए जरूरी है कि हरियाली को बढ़ावा देने के साथ-साथ अभ्यारण्य से दूर निर्माण गतिविधियां हो**

पर्यावरण के लिहाज से जरूरी है कि वन क्षेत्र और वन्यजीवों के बीच संतुलन बनी रहे। वसंत कुंज और सेंट्रल रिज से भी काफी सुधार होगा।
**पशुओं की गिनती के लिए लगाए गए हैं कैमरा ट्रैप:** पशुओं की गिनती और उनके व्यवहार का पता करने के लिए असोला भाटी में कैमरे लगाए गए हैं। इससे वन्यजीवों की तमाम गतिविधियों पर नजर बनी रहती है।
हाल ही में दो शावकों का जन्म होने के बाद अभ्यारण्य में आठ तेंदुएं और दो शावक हो गए हैं। हिरण, जैकाल, नीलगाय, हॉग डीयर और ब्लैक इगल भी यहां रह रहे हैं। वन क्षेत्र में करीब 250 से अधिक प्रजातियां रहती हैं। हर साल सर्दियों के दौरान विदेशी पक्षी भी प्रवास करते हैं।